CMYK

हिन्दी दैनिक

# न्यूज गाइड



RNI No- UPHIN/2008/28258

आपका देश आपकी बात...

वर्षः 14, अंकः 59 पृष्ठ :8 | www.newsguide.co.in E-mail : newsguidelko@gmail.com | लखनऊ, शनिवार 17 दिसम्बर, 2022 मूल्य 1.50

## संक्षिप्त समाचार

### मुर्मू, धनखड़ ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में भारत की असाधारण जीत सुनिश्चित करने वाले सशस्त्र बलों के सभी बहादुर जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। सुश्री मुर्मू ने ट्वीट किया, विजय दिवस के अवसर पर हम कृतज्ञता के साथ 1971 के युद्ध के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित असाधारण वीरता को याद करते हैं। राष्ट्र के लिए उनके बलिदान और अद्वितीय साहस की कहानियां आज भी हर भारतीय को प्रेरित करती हैं। धनखड़ अपने ट्वीट कहा, विजय दिवस पर, मैं हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को याद करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं, जिसने 1971 के युद्ध में हमारी जीत का नेतृत्व किया। मैं उन शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा में अपनी जान गंवाई। वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत की याद में देश प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### बिकिनी विवाद में हुई टीएमसी की एंट्री


**कोलकाता।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पठान के एक गाने 'बेशर्म रंग' का देश में जमकर विरोध हो रहा है। ये गाना जब से रिलीज हुआ तभी से भाजपा और अन्य हिंदू संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। गाने में भगवा रंग की बिकिनी पहनने को लेकर दीपिका पादुकोण पर हिंदूओं की भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया जा रहा है। अब इस विवाद में टीएमसी नेता रिजू दत्ता भी कूद पड़े हैं। उन्होंने सवाल किया है कि क्या भगवा रंग भाजपा की निजी संपत्ति है? टीएमसी नेता रिजू दत्ता ने फिल्म पठान के एक गाने 'बेशर्म रंग' को लेकर चल रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि क्या भगवा रंग भाजपा की निजी संपत्ति है? इस पर उन्हें अधिकार कौन देता है? यदि वे दीपिका पादुकोण जैसी महिलाओं को भगवा रंग में अपनी पसंद के कपड़े पहनने के लिए गाली दे रहे हैं, तो उन्हें यह भी देखना चाहिए कि एक केंद्रीय मंत्री ने 1998 में भगवा रंग की बिकिनी पहनी थी।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन आज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का आज सौवां दिन है। भारत जोड़ो यात्रा आज दौसा से जयपुर आएगी जहां गायिका सुनिधि चौहान के गीतों का लाइव परफॉर्मेंस होगा. इस कार्यक्रम में राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले दोपहर 1 बजे राहुल गांधी दौसा में एक प्रेस करेंगे। भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल आठवें राज्य यानी राजस्थान में है। इससे पहले तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश में ये यात्रा पूरी हो चुकी है. 19 दिसंबर को अलवर में राहुल गांधी एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करेंगे. 24 दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में प्रवेश करेगी और उसके बाद उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब के रास्ते जम्मू-कश्मीर पहुंचेगी। पार्टी पर करीबी नजर रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि इस यात्रा से 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पुनरुद्धार की राह पर चल रही कांग्रेस को कई ऐसे सवालों के जवाब मिल गए हैं।

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए 99 फीसदी जमीन अधिग्रहित ट्रेन के लिए करना होगा इतना इंतजार

- 1,374.20 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है
- केंद्र शासित प्रदेशों में 100 फीसदी भूमि अधिग्रहण हो गया
- गुजरात में, 954.3 हेक्टेयर में से 943.53 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया गया



**नई दिल्ली।** मुंबई-अहमदाबाद के बीच भारत की पहली बुलेट ट्रेन का काम तेजी से जारी है। पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए अब तक 1,374.20 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, जो कुल आवश्यक भूमि का लगभग 99 फीसदी है। जानकारी के अनुसार, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए गुजरात, दादरा और नगर हवेली, महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी। केंद्र शासित प्रदेशों में 100 फीसदी भूमि अधिग्रहण हो गया है। रेल मंत्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुजरात में, 954.3 हेक्टेयर में से 943.53 हेक्टेयर का अधिग्रहण किया गया है। जो राज्य में आवश्यक कुल भूमि का 98.87 फीसदी है। जबकि दादरा और नगर हवेली में पूरे 7.90 हेक्टेयर भूमि और महाराष्ट्र में, 430.45 हेक्टेयर (98.2 फीसदी) में से 422.77 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए आवश्यक कुल भूमि 1,392.63 हेक्टेयर है। अब तक लगभग 1,374.20 हेक्टेयर (98.68 फीसदी) भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

2015 में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना की कुल लागत 1,08,000 करोड़ रुपये आंकी गई थी। लेकिन परियोजना की पूरी लागत भूमि अधिग्रहण और सभी अनुबंध पैकेजों को अंतिम रूप देने और संबंधित समय सीमा के बाद ही तय की जाएगी।

मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर पर 31 अक्तूबर, 2022 तक 32,937 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इस हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की 81 फीसदी लागत जापान सरकार वहन कर रह रही है। जबकि शेष लागत शेयरधारकों में भारत सरकार (रेल मंत्रालय) 50 फीसदी, गुजरात सरकार 25 फीसदी, महाराष्ट्र सरकार 25 फीसदी द्वारा इक्विटी के माध्यम से प्रदान की जा रही है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सूत्रों का कहना है कि बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण और अनुबंधों को अंतिम रूप देने में देरी के साथ-साथ कोविड-19 के कारण लगे लॉकडाउन का भी प्रभाव पड़ा है। इस 508 किमी रूट पर हाई स्पीड ट्रेनें 320 किमी/घंटा की गति से चलेंगी। इस दौरान 12 स्टेशनों पर ठहराव होगा। जबकि पीक ऑवर्स में 20 मिनट और नॉन-पीक आवर्स में 30 मिनट की फ्रीक्वेंसी के साथ प्रति दिन/एक दिशा में 35 ट्रेनें होंगी। यह एक सीमित स्टॉप परियोजना है और हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के लिए परिचालन नियंत्रण केंद्र साबरमती में स्थित होगा।

देश की पहली बुलेट ट्रेन का काम सितंबर 2017 में गुजरात के अहमदाबाद में शुरू हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व जापानी प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे ने संयुक्त रूप से परियोजना की आधारशिला रखी थी।

# आजादी के बाद देश की सांस्कृतिक एकता में जहर घोलने का प्रयास किया गया थाः शाह



संवाददाता

**वाराणसी।** आजादी के बाद एक समय ऐसा आया, जब देश की सांस्कृतिक एकता में जहर घोलने का प्रयास किया गया। लेकिन अब समय आ गया है एक भारत श्रेष्ठ भारत की रचना करने का और वो भारत की सांस्कृतिक एकता से ही हो सकता है। यह कहना है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का। उत्तर-दक्षिण भारत के रिश्ते की प्रगाढ़ता के लिए खास आयोजन काशी-तमिल संगमम के समापन समारोह में गृहमंत्री शामिल हुए। बीएचयू के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। गृहमंत्री ने कहा कि आज मैं एक संदेश देना चाहता हूं कि विश्वास और प्रेम में एक समानता यह है कि दोनों को जबरदस्ती हासिल नहीं किया जा सकता। काशी तमिल संगमम ने आजादी के अमृतकाल वर्ष में उत्तर और दक्षिण भारत की संस्कृतियों के बीच विश्वास और प्रेम का नया माहौल खड़ा करने का काम किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि गुलामी के एक लंबे काल खंड में हमारी संस्कृति और विरासत को मलिन करने का प्रयास किया गया है। हमें आनंद है कि भारत की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया है।

# विजय दिवस पर राजनाथ सिंह बोले, 1971 का युद्ध अमानवीयता पर मानवता की जीत था

### विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 1971 के युद्ध में भारत को जीत दिलाने वाले बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम किया

संवाददाता

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को विजय दिवस के अवसर पर कहा कि 1971 का युद्ध अमानवीयता पर मानवता और अन्याय पर न्याय की जीत था। विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में मनाया जाता है। बांग्लादेश, जो तब पाकिस्तान का हिस्सा था, युद्ध के बाद एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आया था। राजनाथ ने ट्वीट किया, आज विजय दिवस के अवसर पर देश भारत के सशस्त्र बलों के अनुकरणीय साहस, शौर्य और बलिदान को नमन करता है। 1971 का युद्ध अमानवीयता पर



मानवता, दुराचार पर सदाचार और अन्याय पर न्याय की जीत था। भारत को अपने सशस्त्र बलों पर गर्व है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी 1971 के युद्ध में भारत को जीत दिलाने वाले बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम किया। उन्होंने ट्वीट किया, विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्र के साथ उन बहादुर भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम करें, जिनकी वीरता के कारण 1971 के युद्ध में निर्णायक जीत मिली। हम उनकी सेवा और बलिदान के सदैव आभारी रहेंगे। 16 दिसंबर 1971 को लगभग 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सेना और 'मुक्ति वाहिनी के संयुक्त बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था, जिससे बांग्लादेश के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ था। इससे पहले, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने विजय दिवस की पूर्व संध्या पर बृहस्पतिवार को 'ऐट होम कार्यक्रम की मेजबानी की थी, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य हस्तियों ने हिस्सा लिया था।

### किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरीः सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि आत्मा (एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी) योजना की मदद से किसान और कृषि वैज्ञानिक एक दूसरे से रूबरू हो रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक किसानों को वैज्ञानिक ढंग से खेती करने का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। वैज्ञानिक खेती को अपनाकर कम खर्च में अच्छी पैदावार की जा सकती है। इसके लिए किसानों को तकनीक से जोड़ना जरूरी है। वही कृषि क्षेत्र में आ रही नवीन तकनीकों से किसानों को जोड़ना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एंड टेक्नोलॉजी (एनएमएईटी) के अंतर्गत सबमिशन ऑफएग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) योजना के अंतर्गत सबमिशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन (एसएमएएम) के तहत वित्तीय वर्ष में 19 करोड़ 42 लाख 21 हजार का वित्तीय अनुमोदन प्रदान किया गया।

# आतंकवाद के खात्मे पर ध्यान दे पाकिस्तान : ठाकुर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी की कठोर भर्त्सना करते हुए आज कहा कि श्री भुट्टो को इस निम्न स्तर पर उतरने की बजाय आतंकवाद समाप्त करने पर ध्यान देना चाहिए।

ठाकुर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री का बयान बेहद नापाक और शर्मनाक है। वर्ष 1971 में भारत के हाथों आज ही के दिन हुई उनकी पराजय का दर्द है जब 93 हजार से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों ने आज ही दिन भारत के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। इनके नाना फूट- फूट कर रोए थे। इन सब के बावजूद पाकिस्तान की धरती आज भी आतंकवाद की पनाहगाह बनी हुई है। पाकिस्तानी सरकार सीधे इसमें संलिप्त है। आज इनके मंसूबे पूरी दुनिया जानती है।



उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में मोदी सरकार ने लगातार आतंकवाद के खिलाफ सही और कड़ी नीति अपनाकर स्पष्ट परिणाम दिए हैं। इस तरह के बयान किसी भी विदेश मंत्री को शोभा नहीं देते लेकिन ये कोई पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान ने पीठ में छुरा भोंका है। इससे पूर्व भी ये अपनी नीचता का खुला प्रदर्शन करते आये हैं। पाकिस्तान आतंकवाद का जनक, जननी और पनाहगार है।

ठाकुर ने कहा कि ओसामा बिन लादेन को अमेरिका ने पाकिस्तान में घुस कर मारा। भारत ने भी आतंकवादियों के खिलाफ घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक की। आतंकवादियों को मारने कहाँ घुसना पड़ता है, सब को पता है। पाकिस्तान इससे अपना मुँह नहीं छुपा सकता है। उन्होंने कहा, केवल खराब बयानबाजी कर अगर वो सोचते हैं कि वे अपना पिंड छुड़ा लेंगे, तो ये नहीं होने वाला। बेहतर होगा की पाकिस्तानी विदेश मंत्री अपने यहाँ से आतंकवाद का सफाया करने पर ध्यान दें।

# अखिलेश ने योगी सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

- कहा दिखावटी निवेश से यूपी का नहीं होगा विकास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि दिखावटी निवेश से उत्तर प्रदेश का विकास नहीं होगा। उन्होंने लिखा कि कागज पर छपी मोमबत्ती दिखाने से उजाला नहीं होता। धरातल पर काम करना पड़ता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में निवेश के दावे कर रही है। दरअसल, योगी सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के नेतृत्व में यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने स्टॉकहोम स्वीडन में इन्वेस्टमेंट रोड शो के दौरान स्वीडिश व्यापार समुदाय से निवेश



को लेकर मुलाकात की। साथ ही उन्हें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के लिए आमंत्रित किया। उत्तर प्रदेश सरकार दाव कर रही है कि राज्य में निवेश के लिए सरकार की नीतियां और सुरक्षित औद्योगिक वातावरण दुनियाभर के देशों को काफी पसंद आ रहा है। इस बीच स्वीडन बिजनेस कम्युनिटी ने उत्तर प्रदेश में गहरी दिलचस्पी दिखाते हुए कुल 15000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। यूपी में निवेश करने वाली ये कंपनियां यहां फिल्म सिटी, रिटेल, टूरिज्म, वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में पैसा लगाने के लिए तैयार हैं। स्वीडन के अलावा कनाडा के वैंकुवर से भी टीम योगी को 1200 करोड़ रुपए के छह एमओयू प्राप्त हुए हैं। स्टॉकहोम में रोड शो के दौरान आयोजित विभिन्न बी 2 जी और जी 2 जी बैठकों में रक्षा, कपड़ा और वस्त्र, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा सहित अन्य क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है।

# बिलावल भुट्टो के बयान के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध दिए गए विवादास्पद बयान के खिलाफ देश भर में धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। पार्टी ने शुक्रवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। ये विरोध प्रदर्शन देश के सभी प्रदेशों की राजधानी में होंगे। भाजपा कार्यकर्ता पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला जलाएंगे तथा उनके शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा करेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया सत्ता में बने रहने के स्वार्थ के बीच पाकिस्तान की बदहाल होती आर्थिक स्थिति, पाकिस्तान की अराजकतापूर्ण स्थिति, पाकिस्तान की सेना में मनमुटाव, दुनिया के देशों से खराब होते पाकिस्तान के रिश्ते और आतंकवाद को पाल-परोस कर बड़ा करने की नीति से दुनिया का ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने ऐसा कायरतापूर्ण तथा गिरा हुआ बयान दिया है।

## गांवों में शहरों जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास हो

# योगी सरकार का शहर पर फोकस मगर गांव के विकास में पैनी नजर

संवाददाता

**लखनऊ।** नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का फोकस भले ही अभी शहर हों मगर 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांवों के विकास पर भी बराबर की नजर है। दरअसल तमाम शहरीकरण के बावजूद उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक आबादी गांवों में ही बसती है। देश के सर्वाधिक गांव भी उत्तर प्रदेश में ही हैं। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, अलग-अलग तरह की पेंशन योजनाओं के अधिकांश

**लाभार्थियों का यह वर्ग किसी भी चुनाव में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**

लाभार्थी गांवों में ही हैं। दरअसल लाभार्थियों का यह वर्ग किसी भी चुनाव में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इन लाभार्थियों के साथ ग्रामीण जनता से लगातार संपर्क बना रहे। विकास के जो भी कार्य हो रहे हैं, उनकी निगरानी, गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनी रहे और गांवों में शहरों जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास हो, यह योगी



सरकार की प्रतिबद्धता है। इसका जिक्र विधानसभा चुनावों के ठीक पहले जारी संकल्प पत्र में भी किया गया था। हाल ही में सरकार ने गांवों को जोड़ने के लिए 767 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की है। इनके निर्माण में 629 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस बाबत 470 करोड़ रुपये मंजूर भी कर दिए गये। यही नहीं, प्रत्येक शनिवार को हर जिले के तीन गांवों में जनता चौपाल के आयोजन को भी मिशन 2024 की तैयारियों से ही जोड़कर देखा जा रहा है। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले पार्टी की ओर से पथ लोक संकल्प पत्र में भी गांवों को शहरों जैसी सुविधाएं मुहैया कराने की प्रतिबद्धता भाजपा ने जताई थी। भाजपा ने अपने लोककल्याण संकल्प पत्र-2022 में भी गांवों के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई थी। संकल्प के मुताबिक भाजपा का ध्येय था कि विकास के लिहाज से उत्तर प्रदेश के गांव शहरों की बराबरी करेंगे। मसलन मुख्य शहर से गांव को जोड़ने वाली सोलर लाइट की दूधिया रोशनी से नहाई चकाचक सड़कें हों या जल निकासी के लिए पक्की नालियां, हर ग्राम पंचायत पर बस स्टेशन। इनके लिए 2000 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था। इंटरनेट कनेक्टिविटी और जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक हर घर तक शुद्ध पेयजल। आने वाले समय में अपने उत्तर प्रदेश के गांवों की तस्वीर भी कुछ ऐसी ही होगी। संकल्प पत्र के मुताबिक गांवों के समग्र विकास के लिए सत्ता में आने पर भाजपा सरकार बाबूजी कल्याण सिंह ग्राम उन्नत योजना के जरिए गांवों के विकास के लिए संकल्पित रही। इसी क्रम में कर्ज माफी से शुरू किसानों के कल्याण का सिलसिला भी जारी रखने का संकल्प दोहराया गया था। संकल्प पत्र में पहले की तरह सिंचन क्षमता के विस्तार पर भी खासा जोर था। सिंचाई के लिए 5,000 करो? से मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत लघु-सीमांत किसानों को बोरवेल, तालाब और टैंक निर्माण के लिए अनुदान देय होगा। सिंचाई के लिए सभी किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप देना जारी रहेगा। इन सब पर काम भी हो रहा है। सूत्रों के अनुसार 25 हजार करोड़ की लागत से शुरू सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत प्रमुख फसलों की छंटनी, ग्रेडिंग, पैकिंग, अधिक समय तक संरक्षित करने के लिए कोल्ड चेन चेम्बर्स के निर्माण का जिक्र भी संकल्पपत्र में था। 5,000 करोड़ से गन्ना मिल नवीनीकरण मिशन के अंतर्गत चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के साथ नई सहकारी चीनी मिलों के निर्माण, 14 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने की भी बात थी।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### मेडिकल कॉलेज में घंटे भर तड़पती रहीं ब्लाक प्रमुख, भाभी को इलाज न मिलने पर भड़के महसी विधायक

**बहराइच(यूएनएस)।** मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में भाजपा के महसी विधायक की भाभी को इलाज के अभाव में एक घण्टे तक तड़पना पड़ा। काफी देर बाद दूसरे डॉक्टर को बुलाने पर इलाज शुरू हो सका। जिसकी जानकारी होने पर अस्पताल पहुंचे विधायक ने अस्पताल प्रशासन पर नाराजगी जताई। विधायक ने लापरवाह स्वास्थ्य कर्मियों पर डीएम से कार्यवाही करने की बात कही। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह की भाभी एवं ब्लॉक प्रमुख कलावती को हार्ट अटैक आने पर अस्पताल लाया गया। यहां एक चिकित्सक को छोड़कर अन्य चिकित्सा कर्मी ड्यूटी पर नहीं पाए गए। कुछ बाहरी लोग इलाज करते मिले। एक घण्टे तक कोई इंजेक्शन नहीं लगा सका। दूसरे डॉक्टर को बुलाने पर इलाज शुरू हुआ। भाभी को हार्ट अटैक आने की सूचना पर अस्पताल पहुंचे विधायक को एक घंटे इलाज न मिलने की जानकारी दी गई तो वे भड़क गए। विधायक ने बताया, इमरजेंसी में डॉ. उपेंद्र वर्मा के अलावा कोई मौजूद नहीं मिला। फार्मासिस्ट व अन्य स्टाफनदारद थे। कुछ देर बाद पांच बाहरी लोग आए। मरीज को इंजेक्शन लगाने की कोशिश शुरू हुई लेकिन कोई इंजेक्शन तक नहीं लगा सका। अस्पताल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। योगी सरकार की मंशा के विपरीत कार्य किया जा रहा है। विधायक ने लापरवाह कर्मियों के खिलाफ डीएम से कार्रवाई करने की बात कही।

### नगर निगम चुनाव को लेकर एक्टिव हुई पुलिस,एसपी ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**अमेठी(यूएनएस)।** नगर निकाय चुनाव को लेकर अमेठी पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड में आ चुकी है। खुद एसपी जहां बूथों पर जाकर निरीक्षण कर रहे हैं तो जिले में तैनात सीओ भी अपने-अपने सर्किल क्षेत्र में जाकर बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। आज अमेठी एसपी इलामारन ने अमेठी नगर पंचायत के पुराना रायपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय बूथ जाकर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दरअसल, यूपी प्रदेश में नगर निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। अमेठी की दो नगर पंचायत और दो नगर पालिका सीटों पर भी चुनाव होना है। चुनाव के पहले पुलिस के अधिकारी मतदान स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। आज अमेठी एसपी इलामारन जी ने अमेठी नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक में स्थित देवीपाटन द्वितीय मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। एक तरफ जहाँ एसपी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ जिले के चारों सर्किल में तैनात सीओ भी अपने अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों पर जाकर तैयारियों का निरीक्षण रहे हैं। आपको बता दें जिले की दो नगर पंचायत अमेठी और मुसाफिरखाना जबकि दो नगरपालिका जायस और गौरीगंज में आने वाले दिनों में मतदान होना है। मतदान के पहले पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड में है और मतदान स्थलों पर जाकर तैयारियों का जायजा ले रही है।

### पहले पराग मिल्क बार की स्थापना, डीएम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**अमेठी(यूएनएस)।** कलेक्ट्रेट परिसर गौरीगंज में दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या परिक्षेत्र के प्रथम पराग मिल्क बार स्थापित किया है। शुक्रवार को डीएम राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर उद्घाटन किया।दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अयोध्या परिक्षेत्र की यह अमेठी जिले में पराग मिल्कबार की प्रथम इकाई है। इसका मुख्य उद्देश्य दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत आम जनमानस को शुद्ध दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पाद उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए डीएम ने स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ सुनील सिंह भदोरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय किसानों दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध खरीदा जाए, जिससे दुग्ध विकास कार्यक्रम को अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके। साथ ही शुद्ध दूध प्राप्त होने के साथ ही दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। कहा कि ऐसे मिल्कबार जनपद के अन्य कार्यालयों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित किए जाएं।

इस दौरान डीएम ने जिले के अन्य भीड़भाड़ वाले कार्यालयों में भी पराग मिल्क बार के स्थापना करने की बात अधिकारियों से की। वहीं कलेक्ट्रेट परिसर में पराग मिल्क बार की स्थापना होने से लोगों को अब शुद्ध दूध से बने सामान मिल सकेंगे। पराग मिल्क बार के उद्घाटन के अवसर पर मंडलीय दुग्धशाला विकास अधिकारी अयोध्या केपी शर्मा, महाप्रबंधक दुग्ध संघ अयोध्या आशीष श्रीवास्तव, स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी सुनील सिंह भदोरिया, प्रभारी विपणन अमेठी एसके सिंह, उपायुक्त उद्योग राजीव कुमार पाठक, तहसीलदार गौरीगंज दिग्विजय सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### 50 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमेठी(यूएनएस)।** आज सुबह घर के पास स्थित गली में एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जा रहा है कि अधेड़ नशे का आदी था और देर रात अत्यधिक शराब के नशे में गांव पहुंचा और गिर गया जिसके बाद उसकी ठंड से मौत हो गई। फिलहाल परिजनों की तरफ से कोई तहरीर थाने में नहीं दी गई है। दरअसल, ये पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरब बेसारा गांव का है। जहां गांव के ही रहने वाले अयोध्या प्रसाद सरोज का शव घर के पास एक गली में मिला है। शव को देख गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा फोन कर पीआरबी को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि अयोध्या प्रसाद सरोज नशे का आदी था और अत्यधिक शराब का सेवन करता था। देर रात अयोधया शराब के नशे में धुत होकर गांव पहुंचा जहां अत्यधिक शराब के सेवन के कारण घर के पास गली में गिर गया, जिसके बाद ठंड लगने से उसकी मौत हो गई। परिजनों की तरफ से किसी प्रकार की तहरीर थाने में नहीं दी गई है। वहीं पूरे मामले पर मुसाफिरखाना सीओ गौरव सिंह ने कहा कि आज सुबह 8रू40 पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा पीआरबी को सूचना दी गई, जिसके बाद मुसाफिरखाना पुलिस मौके पहुंची और शव का पंचायतनामा भर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक अयोध्या प्रसाद सरोज शराब का आदी था। कल देर रात शराब पी कर गांव लौटा और और घर के पास गली में गिर गया। जहां ठंड लगने के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। अगर परिजन तहरीर देते हैं तो मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 23 दिसबंर को मनाई जाएगी चौधरी चरण सिंह की जयंती

**सुलतानपुर (यूएनएस)।** खतौली में संपन्न हुए उप चुनाव में जीतकर राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ता उत्साहित हैं। 23 दिसंबर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को पार्टी यादगार के तौर पर मनाने जा रही है। पूरे सात दिन तक पार्टी प्रदेश भर में किसान मजदूर जागरण सप्ताह मनायेगी। इसको लेकर आरएलडी के कार्यकर्ता सुल्तानपुर में भी कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे हैं। कार्य वाहक जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद के आवास पर पहुंचे पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर ने बताया कि 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक किसान मजदूर जागरण सप्ताह मनाया जायेगा। जिसमें 23 दिसंबर को चौधरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, हवन-पूजन, फल वितरण, वस्त्र वितरण आयोजित होगा। पूरे सप्ताह ब्लॉक, विधानसभा एवं जिला स्तर पर चौपाल एवं गोष्ठियां तथा सहभोज आयोजित की जायेगा। जिसमें चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद में जागरण सप्ताह आयोजित करने के लिए तैयारी चल रही है। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बेलाल अहमद ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व का निर्देशानुसार सभी पदाधिकारियों से बैठक करके कार्यक्रम को सुचारु रूप दिया जायेगा। ताकि कार्यक्रम को वृहद स्तर पर मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला एवं मण्डल स्तर पर समापन के अवसर पर 30 दिसंबर के दिन किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। कार्यक्रम में खासतौर से युवाओं को चौधरी चरण सिंह के कार्यों से किसान हित एवं जनहित में किये गये कार्यों से अवगत कराया जायेगा।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया सरोजनीनगर की 10 सड़कों का शिलान्यास

संवाददाता

**लखनऊ।** सड़क किसी भी क्षेत्र के लिए मूलभूत सुविधा होने के साथ-साथ आधुनिक व प्रगतिशील होने का सबूत होती है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से क्षेत्र में मजबूत सड़कों पर सरपट गाड़ियां दौड़ रही है जो इस विधानसभा क्षेत्र के विकास की रफ्तार को बयां कर रही हैं। इसी रफ्तार को बढ़ावा देते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर अपने क्षेत्र को कई नई सड़कों की सौगात दी।




डॉ. राजेश्वर सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र के शहरी क्षेत्र में सड़कों का शिलान्यास किया। उन्होंने सरोजनीनगर प्रथम वार्ड, हिंदी नगर वार्ड, विद्यावती प्रथम, द्वितीय व तृतीय वार्ड, शारदानगर प्रथम व द्वितीय वार्ड, इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड, खरिका प्रथम वार्ड में 1.30 करोड़ की लागत से 10 सड़कों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर में विभिन्न मदों से 66 नई सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली तथा 88 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य प्रगति पर है। इस कार्यक्रम से पूर्व विधानसभा क्षेत्र के महाराजा बिजली पासी महाविद्यालय के वार्षिक क्रीडा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच डॉ. राजेश्वर सिंह ने खेलों के संसाधन बढ़ाने और जिम की स्थापना के लिए विधायक निधि से 5 लाख रूपये देने का आश्वासन दिया और महाविद्यालय में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से बेटियों को आधुनिक शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 10 कंप्यूटर भी दिलाने का आश्वासन दिया।

सड़कों के उद्घाटन के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए सरोजनी नगर विधायक ने बताया कि क्षेत्र के 193 प्राथमिक विद्यालयों में सीएसआर के माध्यम से झूल लगवाए जा रहे हैं। क्षेत्र में 19 डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है।

अब तक बेटियों के 3 कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करवाई गई है बाकियों में भी स्थापित की जा रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि वरिष्ठजनों के बलिदानों का परिणाम है कि हमें एक आजाद भारत की विरासत मिली है। अब युवाओं की जिम्मेदारी है कि इस विरासत को आगे बढ़ाए और भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करें। इसके लिए हमारा कर्तव्य है कि युवाओं व बच्चों को अधिक सशक्त बनाएं। युवाओं को कौशल विकास कर उन्हें रोजगार दिलाना है। उन्होंने मातृशक्ति को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना है, क्षेत्र के 400 स्वयं सहायता समूहों को 3 से 5 हजार सिलाई मशीनें उपलब्ध कराने का लक्ष्य है, महिलाओं की ट्रेनिंग करवाने तथा उन्हें कार्य दिलाने का भी मेरा प्रयास निरंतर जारी है। आज महिलाओं का देश की अर्थव्यवस्था में 18 प्रतिशत योगदान है, जब यह आंकड़ा 50 प्रतिशत होगा तो हिंदुस्तान विश्व का सबसे मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बिजली पोल से जुड़ी 60 से अधिक शिकायतों मिली थी जिसका निदान किया जा चुका है। 2024 तक हर घर स्वच्छ जल पहुंचाने का भाजपा का लक्ष्य है, सरोजनीनगर में इसके लिए 230 करोड़ रुपये स्वीकृत हो चुका है जिससे कार्य जारी है।

डॉ. सिंह ने आगे कहा कि वृद्धजनों के लिए श्रामरथ श्रवण अयोध्या यात्राश् निरंतर चलाई जा रही है जिसका उद्देश्य है सरोजनीनगर के सभी वृद्धजनों को रामलला के दर्शन निरूशुल्क करवाना। इस दौरान उनके खाने पीने से लेकर सुविधाजनक आवागमन का पूरा ध्यान टीम द्वारा रखा जाता है। सरोजनीनगर का समग्र विकास मेरी प्राथमिकता है जिस पर निरंतर कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर के विकास से संबंधित 82 प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। ये सभी प्रोजेक्ट आगामी पांच सालों में जमीन पर दिखाई देंगे। सरोजनीनगर को देश का आदर्श व सर्वोत्तम विधानसभा बनाना मेरा लक्ष्य है। इस दौरान पार्षद विनोद कुमार मौर्य, पार्षद सौरभ सिंह मोनू, पार्षद राजन मिश्रा, पार्षद रामनरेश के साथ साथ पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

### कोहरे से बढ़ी ठंड, सर्द हवाओं से ठिठुरन

**बहराइच।** एक तरफकोहरे की चादर तो दूसरी तरफ सर्द हवाएं मौसम में गलन बढ़ाने को काफी हैं। नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर भी तराई क्षेत्र में खूब दिख रहा है। यहां गुरुवार की देर रात और आज सुबह घना कोहरा छाया रहा जिससे लोग ठिठुरते रहे और अलाव का सहारा लिया। घने कोहरे के चलते परिवहन सेवाएं भी बाधित रहीं। तराई के मौसम में लगातार बदल रहा है। गुरुवार को गलन के बाद देर रात से कोहरा गिरना शुरू हो गया। शुक्रवार को 12 बजे के बाद जब सूरज की धूप चटक हुई तो लोगों ने छत पर चढ़कर धूप सेंकते हुए राहत की सांस ली। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि अब तराई में ठंड बढ़ेगी। सही समय पर मौसम में बदलाव हो रहा है। आने वाले समय में बदली का दौर जारी रहेगा। रात में कुहासा और घना हो सकता है।

## पुरानी पेंशन को लेकर तेज होगा आंदोलन

**लखनऊ(यूएनएस)।** पुरानी पेंशन बहाली समेत कई मांगों को लेकर कर्मचारी संगठन एक बार फिर सरकार को घेरने की तैयारी में है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने पुरानी पेंशन बहाली सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक बार फिर आन्दोलन तेज करने जा रहा है।




तय किया गया है कि साल 2023 को पूरी तरह से संघर्ष का साल कर दिया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष हरि किशोर तिवारी ने बताया कि जनवरी 2023 की शुरुआत से ही आन्दोलन क्रमिक रूप से शुरू हो जाएगें। दिसम्बर 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर आन्दोलन का स्वरूप ले लेगा। इसको लेकर अन्य केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय संगठनों से लगातार बातचीत हो रही है। 7 नवंबर को पूरे प्रदेश में आंदोलन कर कर्मचारियों ने सीएम को ज्ञापन दिया है। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के निपटारे के लिए सीएम को ज्ञापन दिया गया था। उप्र चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे ने बताया कि खाली पदों को भरने के लिए भी आंदोलन तेज होगा। एक संयुक्त आंदोलन तैयार किया जाएगा। इसमें 20 से ज्यादा संगठन इसमें हिस्सा लेंगे। महासंघ के अध्यक्ष रामराज दुबे ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी वर्ग के 200 से ज्यादा विभागों में चार लाख से ज्यादा राज्य कर्मचारियों के पद खाली है।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार,15 लाख की स्मैक बरामद

**अमेठी (यूएनएस)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे जा रहे धर-पकड़ अभियान में पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान स्मैक तस्कर अफसर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से 15 लाख रुपए का 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तस्कर को जेल भेज दिया है। मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र का है। यहां आज सुबह पुलिस संदिग्धों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने शातिर स्मैक तस्कर अफसर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से 15 लाख रुपए का 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर अफसर अमेठी के गंगा गंज मोहल्ले के रहने वाला है।

## गोरखपुर: धुरियापार बनेगा रोजगार का हब

**इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 10 हजार लोगों को मिलेगा काम, प्लान तैयार**

**लखनऊ(यूएनएस)।** गोरखपुर को इंडस्ट्रियल हब बनाने खातिर गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान पर काम शुरू है। अधिक निवेश के लिए प्राधिकरण ने लैंड बैंक बनाने पर जोर दिया है। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पहले बैठक की । इंडस्ट्रियल टाउनशिप की रोड और रेल कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दिया जाना है।इंडस्ट्रियल टाउनशिप में 1843 एकड़ में उद्योग लगेंगे और 10 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। डेढ़ दर्जन गांवो की 5754 एकड़ जमीन में टाउनशिप विकसित होगी। योजना का प्रारूप तैयार है। क्षेत्र को रेल नेटवर्क से भी जोड़ा जाएगा।सहजनवा-दोहरीघाट रेल लाइन परियोजना अहम भूमिका में होगी। विभागों के अधिकारियों के साथ 13 दिसंबर को बैठक में सुझाव दिया गया कि भारी उद्योगों को कच्चा माल लाने के लिए रेल साइडिंग की व्यवस्था दी जाए। गीडा सीईओ गोला तहसील के अधिकारियों के साथ धुरियापार क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं। किसानों से सहमति के आधार पर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। रेलवे कनेक्टिविटी के अलावा बड़े उद्योगों के लिए पृथक से रेलवे साइडिंग, 45 मीटर से अधिक चौड़ाई वाली सड़कों के लिए सर्विस रोड का प्रावधान, उद्योगों और अन्य भू प्रयोगों में आने वाली प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा 132 केवी विद्युत उप केंद्र की स्थापना किए जाने हेतु सुझाव मिले हैं।

## मेडिकल स्टोर पर ड्रग टीम की छापेमारी

**सुलतानपुर(यूएनएस)।** जिले में अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर संचालकों की अब खैर नहीं है। ड्रग विभाग ने इन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को अयोध्या मंडल व अन्य जिलों की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर टीन शेड में संचालित एक मेडिकल स्टोर से एक लाख अस्सी हजार की दवाएं जब्त कीं। ड्रग अधिकारियों ने पकड़ी गई दवाओं को लैब टेस्टिंग के लिये भेजा है। जानकारी के अनुसार, लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बंधुआ कला के रवनिया पश्चिम में मिर्जा शमीम द्वारा टीन शेड में मेडिकल स्टोर चलाया जा रहा था, जो पूर्ण रूप से अवैध था। बिना लाइसेंस के चलते मिर्जा मेडिकल स्टोर पर शुक्रवार को ड्रग टीम ने छापेमारी कर दवाओं को जब्त कर लिया। जिला औषधि निरीक्षक सुल्तानपुर अनीता कुरील ने बताया कि शिकायत मिली थी कि रवनिया पश्चिम में बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चल रहा है, जो मानक के अनुसार नहीं है। मैंने मामले से सहायक आयुक्त अयोध्या मंडल को अवगत कराया। उनके द्वारा संयुक्त टीम गठित की गई। औषधि निरीक्षक बाराबंकी सीमा सिंह, औषधि निरीक्षक अयोध्या सुमित वर्मा, औषधि निरीक्षक अमेठी शिवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में ये कार्रवाई हुई है।

### सपा नेता विनय अग्रवाल भाजपा में हुए शामिल"

**शाहजहांपुर (यूएनएस)।** समाजवादी पार्टी के नेता विनय अग्रवाल परी नमकीन बाले अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें भारतीय जनता पार्टी के ब्रिज क्षेत्र के अध्यक्ष रजनीकांत महेश्वरी, पूर्व मंत्री महेश गुप्ता ने पार्टी का झंडा देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अंकुर कटियार, ज्ञानेंद्र यादव, विजय प्रताप सिंह, सुनील अग्रवाल, विकेश अग्रवाल, रितिक भारद्वाज, वैभव कटिहार, दिलीप गुप्ता आदि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## 3 शातिर लुटेरे स्नैचर गिरफ्तार

**लखनऊ (यूएनएस)।** पुलिस कमिश्नर एस0 बी0 शिरडकर द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों की धर पकड़ में थाना सुशान्तगोल्फ सिटी पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता। राजधानी लखनऊ के (दक्षिणी) क्षेत्र के थाना सुशान्तगोल्फ सिटी के अन्तर्गत अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नर द्वारा चलाय जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत आज दिनांक 15,12,22,को चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग में मामूर थे कि मुखबिर की सूचना पर कि एक मोटरसाइकिल पर सवार 3 व्यक्ति टी टाइम शॉप के सामने शहीद पथ की तरफ जाने वाले रोड़ पर खड़े है जो। संदिग्ध प्रतीत हो रहे हैं। इस विश्वास कर बताये गये स्थान पर पहुंच कर दबिश देकर मोटरसाइकिल पर सवार 3 व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्तियों के पास से क्रमश चन्द्रप्रकाश उफराज पुत्र रामचरन नि0 यूसुफनगर बगियामऊ के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर 1 जिन्दा कारतूस व वीवो मोबाइल 2 व्यक्ति अभिषेक गौतम उसके पास 2 मोबाइल 3 व्यक्ति अपिन लोधी उसके कब्जे से 1 मोबाइल फोन बरामद हुआ। पकड़े गये व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर।स0,483,22, धारा,392, की घटना कारित करने की बात स्वीकार किया। पकड़े गये व्यक्तियों विरुद्ध,स0,640,22, धारा,411, भादवि व 3द्25, आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र गिरी ने थाना की कमान संभाली है। वहीं अपराधियों के हौसले हुआ पस्त। गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की। इसी क्रम में ,डीसीपी राहुल राज, एडीसीपी मनीषा सिंह, एसीपी सुश्री स्वाती चौधरी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र गिरी के नेतृत्व में पुलिस टीम को हाथ लगी सफलता। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## नेहरू युवा केन्द्र द्वारा 2 दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर(यूएनएस)।** विकास क्षेत्र मिर्जापुर में ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15-16 दिसंबर को किया गया। उक्त प्रतियोगिता अंतर्गत बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़, कबड्डी प्रतियोगिता, वॉलीबॉल प्रतियोगिता व बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ और खो खो प्रतिगोयिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु सिंह ने स्वामी विवेकानंद व मां गंगा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। खेल कूद अंतर्गत ग्राम पैलानी उत्तर, दोषपुर थोक, मिर्जापुर, पल्हरुआ, शेरगंज बड़ेरा, थरिया, रामदयाल नगला आदि की टीमों ने प्रतिभाग किया। 200 मीटर दौड़ में शिवा ने प्रथम, आरजू ने द्वितीय व नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ अंतर्गत अनूप ने प्रथम, राजू ने द्वितीय व अवनीश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल विधा में रामदयाल नगला की टीम विजेता व पहरुआ की टीम उप विजेता रही। कबड्डी विधा अंतर्गत पैलानी उत्तर की टीम विजेता व थरिया की टीम उप विजेता रही। खो खो विधा अंतर्गत पहरूआ की टीम विजेता व मिर्जापुर की टीम उप विजेता रही। रेफरी स्वरूप पीटीआई बेसिक शिक्षा विभाग राम नारायन सक्सेना, राम मोहन, धर्मेंद्र पाल आदि रहे। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथिगणों द्वारा पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालक जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) विनय कुमार सक्सेना द्वारा नेहरू युवा केन्द्र संगठन के कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए खेल कूद के माध्यम से ग्रामीण स्तर से जिले स्तर तक आने का सुगम रास्ता बताया। अंत में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक राममोहन व सुरजीत द्वारा गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई व कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में सहयोग अनूप यादव, मोहन, विजयवीर आदि का रहा। काकोरी बलिदान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा अमर शहीद पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ एवं ठाकुर रोशन सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी जा रही है।

### गैंगस्टर एक्ट के वांछित गुडंबा पुलिस के हत्थे चढ़े

**लखनऊ(यूएनएस)।** पुलिस कमिश्नर एस0बी0 शिरडकर, द्वारा चलाया जा रहा अभियान में अपराधियों की धरपकड़ में गुडम्बा पुलिस के हाथ लगी बड़ी सफलता, राजधानी लखनऊ (उत्तरी) डीसीपी एस एम कासिम आब्दी, एडीसीपी अभिजीत आर शंकर, एसीपी विजय राज सिंह, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार काम कर रही हैं।

इस क्रम में। आज थाना गुडंबा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दिनांक 15,12,22 को थाना स्थानीय पर स0,521,22, धारा, 2द्3, भादवि,अभियोग के वांछित अभियुक्त प्रशांत श्रीवास्तव उर्फ रिशू श्रीवास्तव उम्र 26 वर्ष पुत्र सतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव नि0 ग्राम चकरवा थाना सलेमपुर जिला देवरिया को थाना गुडंबा लखनऊ से समय 12.30 बजे गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक गुडंबा आलोक कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम को एक के बाद एक सफलता प्राप्त की। वही अपराधियों के हौसले हुए पस्त। अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लखनऊ पुलिस कमिश्नर द्वारा चलाय जा रहे धरपकड़

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन का नि:शुल्क फॉगिंग महाअभियान पन्द्रह दिनों से निरंतर जारी

**लखनऊ के लगभग 101 वार्डों में डॉ0 अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन का नि:शुल्क फॉगिंग अभियान पूरा**

**लखनऊ।** राजधानी में मच्छर जनित घातक रोग डेंगू, चिकनगुनिया आदि से बचाव हेतु डॉ अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने गत मंगलवार को वृहद अभियान शुरू किया है। जिसके अन्तर्गत राजधानी लखनऊ के अयोध्या दास वार्ड, खदरा बस्ती, दीन दयाल नगर बस्ती, हिंद नगर वार्ड, विजय नगर, कृष्णा नगर, पुराने झंडा नगर, राजाजीपुरम (एफ/ डी ब्लॉक, एफसीआई रोड नंदा खेड़ा दरियापुर) व सआदतगंज, गोमतीनगर, बाबू बनारसी दास, महात्मा गांधी, हजरतगंज सहित शहर के लगभग 101 वार्डो में रविवार को निःशुल्क फॉगिंग की गई।

बीबीडी ग्रुप के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए बाकायदा दो मोबाइल हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किये गये हैं। इन हेल्पलाइन नंबर 07852877522- 24 पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। अपने क्षेत्र व मुहल्ले में निशुल्क फॉगिंग कराने के लिए कोई भी फोन कर सकता है।



डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन मानव कल्याण के लिए सदैव संकल्पित रहता है। फिर चाहे वह ठंड में अलाव जलाना हो, गर्मियों में प्याऊ लगाकर प्यासे राहगीरों को निर्मल शीतल जल पिलाना हो। कोरोना संक्रमण के अपदाकाल में शहर में सेनेटाइजेशन से लेकर मरीजों को एम्बुलेंस उपलब्ध कराना हो, मरीजों के साथ उनके तीमारदारों के लिए भोजन की व्यवस्था करनी रही हो या प्रवासियों को भोजन सहित अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना हो, डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन की सक्रियता हर तरफ दिखायी देती रही है। डॉ अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष, बीबीडी ग्रुप के प्रेसीडेंट और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास के निर्देशन में फाउंडेशन ने अपनी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए शहरवासियों को डेंगू से बचाव के लिए फागिंग विगत पन्द्रह दिनों की जा रही है। इससे लोगों को मच्छरों से बचाव में बड़ी राहत मिलना शुरू हो गयी है। शहर के लगभग 101 वार्डों में यह कार्य पूर्ण होने की दिशा में है। उन्होंने कहा कि आगे भी जनकल्याणकारी अभियान चलाने हेतु डॉ. अखिलेश दास फाउंडेशन संकल्पित रहेगा। सर्वश्री अरुण गुप्ता, कैलाश पाण्डेय, वंदना बाजपेई, संदीप अग्रवाल, वन्दना राज अवस्थी, प्रिय गुप्ता, शान बक्शी, चन्द्र प्रकाश गोयल, आशा मौर्या, कमलेश गुप्ता, चन्द्र गुप्ता, आशा गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, उषा वाल्मीकि, नृपेन्द्र सिंह, सर्वेश अवस्थी, अतीक अंसारी आदि ने लगातार फॉगिंग में अहम योगदान दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## काकोरी बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी

**शाहजहाँपुर(यूएनएस)।** आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में काकोरी बलिदान दिवस के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा अमर शहीद पं0 रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खाँ एवं ठाकुर रोशन सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुवायाँ तहसील में मंथन आर्ट्स सोसायटी, शाहजहाँपुर के कलाकारों द्वारा अमर शहीदों पर आधारित ''प्रणाम काकोरी'' नाटक का मंचन किया गया। मंचन में तीनों बलिदानियों की गाथा को दिखाया गया जिसे देख वहाँ मौजूद तमाम लोगों ने प्रस्तुति को खूब सराहा तथा कलाकारों को आशीर्वचन दिया। नाटक में अनमोल सिंह, मोहित कनौजिया, सुमित सक्सेना, शंकर लाल, सोनू सक्सेना, ऐश्वर्य कृष्ण मिश्र, यश देव शर्मा इत्यादि कलाकारों ने अभिनय किया। नाटक का निर्देशन शिवा सक्सेना ने किया। इस अवसर पर उप-जिलाधिकारी एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## शाहजहांपुर में बढ़ रहा है यूट्यूब चौनल का क्रेज इससे लोग कमा रहे हैं लाखों रुपए

**शाहजहांपुर(यूएनएस)।** विकासखंड भावल खेड़ा की ग्राम पंचायत बरनई मैं कुछ बालकों द्वारा यूट्यूब चौनल में जुलाई 2021 में एक चौनल रमेश कुमार वर्मा79 के नाम से शुरुआत की उसमें बालकों द्वारा कड़ी मेहनत करने के उपरांत एक साल बाद इस चौनल पर लगभग 10000 सब्सक्राइबर पूर्ण हुए सब्सक्राइबर पूर्ण होने के बाद यूट्यूब कंपनी अमेरिका से इन सब को एक अवार्ड प्राप्त हुआ प्रधान पति जगजीवन राजपूत ने इन बच्चों की इस सफलता पर सराहना की तथा तत्परता से आगे बढ़ने के लिए इन को प्रेरित किया टीम के सदस्य रमेश कुमार वर्मा, अनुराग सक्सेना, अरविंद कुमार देवेश वर्मा, विशाल राजपूत, आदित्य कुमार, अभिजीत वर्मा है।

## डीएम ने की इंदिरा मनोरंजन पार्क के कायाकल्प कार्यों की समीक्षा

**लखीमपुर खीरी(यूएनएस)।** शहर के निकट एक मात्र पिकनिक स्पॉट इंदिरा मनोरंजन वन की खूबसूरती निखारने काम चल रहा है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इंदिरा मनोरंजन पार्क के सुदृढ़ीकरण, सौंदयीकरण के लिए चल रहे कार्य की गहन समीक्षा की संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने कार्यदायी संस्था से इंदिरा मनोरंजन वन में चल रहे सुदृढ़ीकरण, सौंदयीकरण एवं कायाकल्प के काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन में प्रस्तावित कामों के सापेक्ष अब तक पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी ली एवं अवशेष कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएसटीओ को निर्देश दिए कि आज ही कार्यदाई संस्था के साथ जाकर स्थलीय मुआयना करते हुए हुए कामों का सत्यापन करते हुए उन्हें अवगत कराएं। समीक्षा के दौरान अधिशाषी अभियंता सीएनडीएस-26 अरविंद चौधरी ने बताया कि इंदिरा मनोरंजन पार्क के लिए शासन से दो किस्तों में पहली किस्त में दिसंबर 2021 में 40 लाख, दूसरी किस्त दिसंबर 2022 में 2.25 करोड़ की किस्त मिली। परिसर में कडवा नदी पर पूल बनाने का काम पूरा हो गया। अप्रोच रोड का काम चल रहा है। पैडल बोट की नहर, हवा महल का काम पूरा हो गया, वही पेंटिंग का काम चल रहा है। नेचर सेंटर, वेलकम हॉल, कैंटीन, टॉयलेट, गेट की मरम्मत का काम चल रहा है। 2850 मीटर बाउंड्री फेंसिंग बनने है, जिसमें एक किलोमीटर फाउंडेशन पिलर बनकर तैयार है शेष प्रगति पर है।

## प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एव शिक्षा ने अस्पताल और निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**पीलीभीत(यूएनएस)।** तमकुहीराज,जनता का सेवा करना ही मेरे जीवन का मूल उद्देश्य है।इसी क्रम में नगर पंचायत तमकुहीराज से अध्यक्ष पद के कर्मठ सुयोग्य एवं शिक्षित प्रत्यासी पूर्व प्रधान वरिष्ठ सपा नेता उमेश्वर सिंह पटेल ने जन सम्पर्क के दौरान कहीं।श्री सिंह ने जनता को आस्वस्त किया कि जनता के उम्मीदों पर हमेशा खरा उतरेंगे।तमकुही नगर के सभी परिवार के सुख दुख में हमेशा साथ खड़े रहेंगे। श्री पटेल ने मीडिया से मुखातिब होते हुवे कहा कि मेरे कथनी व करनी में कोई अंतर नही मिलेगा।मुझे जब जनता ने तमकुही ग्राम सभा से प्रधान चुना था तो हमने अपने कार्यकाल में विकास का गंगा बहाया।जो आज भी नजीर है।जनता ने अपना आशीर्वाद हमे देते है तो निश्चित मैं विकास करके तमकुही को मॉडल नगर पंचायत बनाऊंगा।

## नगर पालिका परिषद के चेयरमैन चुनाव में भाजपा चार नामों पर कर रही मंथन जिसमें प्रदीप नवरंग सबसे आगे

**पीलीभीत(यूएनएस)।** पीलीभीत में निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है और भाजपा के टिकट पर चुनाव लडने वाले उम्मीदवारों ने अपनी अपनी गोटी बिछाने में लग गए हैं कोई अपने को भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह का करीबी बता रहा है और अपना टिकट पक्का मान के बैठा है तो कोई राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार को अपना सबसे करीबी बता कर अपना टिकट पक्का मान बैठा है तो कोई भाजपा संगठन में होने के चलते अपना टिकट पक्का मान कर चल रहा है सबसे जादा मारामारी और पहली पसंद लोगों की भाजपा के टिकट पर चुनाव लडने की है जादातर उम्मीदवार यह मान कर चल रहे हैं कि भाजपा से टिकट होने का मतलब जीत फिर चाहे सभासद पद हो या चेयरमैन पद जीत पक्की मान बैठे हैं। जबकि जादातर बुद्धजीवियों और राजनीतिज्ञ लोगों का कहना है कि यह जो निकाय चुनाव होते हैं यह व्यक्तिगत रूप से चुनाव होते हैं इसमें आम लोग यह सबसे पहले देखते हैं कि चुनाव लड रहे व्यक्ति का रिकॉर्ड क्या है और क्या वो हमारा जानने वाला है ताकि चुनाव जीतने पर हमारे काम आ सके। चुनाव लड रहे व्यक्ति का समाज में स्तर क्या है क्या समाज के सभी लोग उसको पसंद करते हैं। यह सबकुछ देखा जाता है केवल पार्टी टिकट जीत का आधार नही बन सकता। पीलीभीत नगर पालिका परिषद चेयरमैन पद की सामान्य सीट घोषित की गई है इस लिए इस पद पर हर कोई दावा कर रहा है। लेकिन भाजपा संगठन में जो चार नाम पीलीभीत चेयरमैन पद के लिए चल रहे हैं उसमें प्रदीप नवरंग का नाम सबसे ऊपर है बह भाजपा संगठन के विभिन्न पदों पर रह कर तीन दशक से जादा समय से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं इसलिए पार्टी उनके नाम पर गम्भीरतापूर्वक विचार कर रही है उसके बाद तीन नाम आते हैं जिसमें प्रभात जायसवाल जो अभी तक निर्विरोध जीतते आये हैं और डॉक्टर श्रीमति आस्था अग्रवाल, जोकि भाजपा संगठन में कम समय से जुडी रही है और हाल ही में उसने पीलीभीत के सत्ताइस बार्डो में आम बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य कैंप भी लगाये हैं। उसके बाद महंत अवनेश कौशिक जिसने भाजपा की नीतियों का काफी प्रचार प्रसार किया हुआ है और पीलीभीत का सबसे जादा युवा वर्ग उसके साथ है महंत अवनेश कौशिक भाजपा से चेयरमैन पद का चुनाव लडने को लेकर काफी समय पहले से मेहनत कर रहे हैं उन्होंने अपने खर्चे पर कई बार्डो में जनहित के कार्य कराये हैं उनके नाम पर भी संगठन गम्भीरता से विचार विमर्श कर रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद प्रदीप नवरंग की पार्टी के प्रति इतने लंबे समय तक सेवा ही इनसे इक्कीस बैठ रहे हैं और भाजपा संगठन उनके नाम पर मोहर लगा सकती है।

## सड़क पर गन्ने से भरी ट्रालिया खड़ी होती हैं राहगीरों को सड़क से निकलने में हो रही परेशानी

**शाहजहांपुर(यूएनएस)।** खुटार पुवायां खुटार रोड पर राम खांडसारी उद्योग चीनी मिल चल रहा है उसकी ट्राली रोड पर जाम लगा रही हैं दिन प्रतिदिन सड़क से निकलना मुश्किल हो रहा है राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर बहुत सी ट्राली खड़ी होती हैं उससे अनहोनी का डर बना रहता है ट्राली और बैलगाड़ी सड़क के किनारे किनारे लगी रहती हैं राहगीरों को दिक्कत हो रही है। खुटार में चीनी में चलने से आसपास बहुत दुर्गंध आती है सड़क से निकलना मुश्किल बहुत नामुमकिन है इतनी दुर्गंध आती है कि वहां लोगों के मकान के अंदर रहना मुश्किल है हवा दूषित कर रहा चीनी मिल श्रीराम खांडसारी उद्योग राहगीरों ने बताया है कि ट्राली सड़क से अगर नीचे लाइन से लगी हो तो राहगीरों को निकलने में मुश्किल नहीं होगी लेकिन एक ट्राली भी लाइन से नहीं लगती है।

# निकाय चुनाव: बीजेपी लगाना चाहती एक तीर से दो निशाने

## फोकस शहर पर और लक्ष्य 2024 गांव और शहर फिट तो दिल्ली हिट

**लखनऊ(यूएनएस)।** नगर निकाय चुनाव के सहारे बीजेपी एक तीर से दो निशाने साध रही है। सीएम बार बार ट्रिपल इंजन की सरकार की वकालत करते हैं। कहा जाता है कि गांव और खेतों से होकर गुजरती है दिल्ली की सल्तनत की राह। गांव और शहर फिट तो दिल्ली हिट।भाजपा के बारे में पहले कहा जाता था कि शहर में बीजेपी की पैठ मजबूत होती है लेकिन अब बदलाव देखा जा रहा है। गांव गांव, घर घर मोदी हैं।

गरीबों के घर पक्के,मुफ्त राशन,रसोई गैस का सिलेंडर है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। अब गांव में बीजेपी की पैठ हो गई है। नतीजा सबने देखा है। स्टेट भी उनका, सेंट्रल भी उनका। निकाय भी अपने खाते में दर्ज कराकर ट्रिपल इंजन की हुकूमत कायम करने को बेताब हैं। योगी सरकार का फोकस दिखता शहर पर है मगर असल लक्ष्य 2024 है। 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर गांवों के विकास पर सरकार की नजर है। शहरीकरण के बावजूद उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक आबादी गांवों में है। देश के सर्वाधिक गांव उत्तर प्रदेश में हैं।

योगी सरकार निकाय चुनाव के बहाने शहरों के साथ गांवों में खास ध्यान दे रही है। योगी का पहले कार्यकाल भी गांवों के विकास पर केंद्रित था। योगी 2. 0 के भी केंद्र एवं रोजगार को प्रतिबद्ध बताया जाता है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, पेंशन योजनाओं के अधिकांश लाभार्थी गांवों में हैं। लाभार्थियों का यह वर्ग चुनाव में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।लाभार्थियों के साथ ग्रामीण जनता से लगातार संपर्क बना रहे,इस पर विशेष ध्यान है।




विकास कार्य की निगरानी, गुणवत्ता बनी रहे और गांवों में शहरों जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास हो, यह योगी सरकार की प्रतिबद्धता है। इसका जिक्र संकल्प पत्र में भी था। सरकार ने गांवों को जोड़ने के लिए 767 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की है जिसमे 629 करोड़ रुपये खर्च होंगे, 470 करोड़ रुपये मंजूर हो गये। प्रत्येक शनिवार को हर जिले के तीन गांवों में जनता चौपाल के आयोजन को भी मिशन 2024 की तैयारी का हिस्सा है।

भाजपा के लोककल्याण संकल्प पत्र के मुताबिक भाजपा का ध्येय था कि विकास के लिहाज से उत्तर प्रदेश के गांव शहरों की बराबरी करेंगे। सोलर लाइट, चकाचक सड़कें या जल निकासी के लिए पक्की नालियां, 2024 तक हर घर तक शुद्ध पेयजल की बात ऐसे ही नहीं कि गई। कर्ज माफी से शुरू किसानों के कल्याण का सिलसिला जारी रखने का संकल्प था। सिंचाई के लिए 5,000 करोड़ से मुख्यमंत्री कृषि सिंचाई योजना शुरू की जाएगी।

लघु-सीमांत किसानों को बोरवेल, तालाब और टैंक निर्माण के लिए अनुदान, सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली, प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत किसानों को सोलर पंप की व्यवस्था होगी। सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर मिषन के तहत प्रमुख फसलों की छंटनी, ग्रेडिंग, पैकिंग, अधिक समय तक संरक्षित करने के लिए कोल्ड चेन चेम्बर्स के निर्माण का जिक्र भी संकल्पपत्र में था। चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के साथ नई सहकारी चीनी मिलों के निर्माण, 14 दिनों के भीतर भुगतान की भी बात थी। मंदी की मार से बचाने के लिए किसानों को आलू, टमाटर एवं प्याज जैसी सभी फसलों का न्यूनतम मूल्य के लिए 1,000 करोड़ का भामाषाह भाव स्थिरता कोष , 1,000 करोड़ की लागत से नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की बात कही गई। 6 मेगा फूड पार्क, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, मछली बीज उत्पादन यूनिट के लिए 25 फीसद तक सब्सिडी, 6 अल्ट्रा मॉडल मछली मंडियां भी बनाने की बात संकल्पपत्र में थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोबारा प्रदेश का मुखिया बनने और शपथ ग्रहण करने के अगले ही दिन 26 मार्च 2022 को अफसरों के साथ पहली बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया कि गांवों का विकास प्राथमिकता में है। गांव सीएम के दिल में हैं, शहर पर नजर गड़ा दी है और लक्ष्य फतह 2024 है।

# रुचि के उत्साह के साथ नए तथ्यों और आविष्कारों को सीखने में छात्रों को संलग्न करता: राजेंद्र प्रसाद

**गोरखपुर।** विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने का मुख्य उद्देश छात्रों को उनके रचनात्मक विचारों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि को बढ़ावा देता है ।रुचि के उत्साह के साथ नए तथ्यों और आविष्कारों को सीखने में छात्रों को संलग्न करता है। इसके माध्यम से छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा का अन्वेषण होता है और उन्हें कई विधियों से सोचने के लिए प्रेरित करता है। उक्त बातें विज्ञान प्रदर्शनी के मंडलीय नोडल अधिकारी एवं राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, गोरखपुर के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद ने समग्र शिक्षा तथा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत प्रदर्शित की गई मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कहीं। इसके पूर्व इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद तथा जिला विद्यालय निरीक्षक




गोरखपुर की प्रतिनिधि श्रीमती रेमी यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित करके किया इस अवसर पर इस प्रदर्शनी के प्रभारी मिथिलेश कुमार निषाद ने कहा की छात्रों द्वारा किए गए वैज्ञानिक नवाचारों ,विचारों और परियोजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इसके द्वारा बच्चों की मेधा का प्रदर्शन होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के नोडल डॉ0 राजेश चंद्र गुप्त ने कहा कि इन प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों के अधिगम का स्तर पता चलता है और उनके नवाचार उद्घाटित होते हैं। निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में श्रीमती रेमी यादव, डॉक्टर इ 0जी0 दास, विशाल कुमार गुप्ता, प्रेमचंद्र व वेद प्रकाश सिंह जी रहे। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या डा0 सरोज व ज्ञानेश पांडे ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संजय कुमार यादव ,डॉ दीपक सिंह, चंद्रशेखर गुप्ता, सुधा पासवान, प्रशांत , वीरेंद्र कुमार सिंह, राजेश शर्मा, मृत्युंजय श्रीवास्तव, वंदना गुप्ता , नेहा श्रीवास्तव, अभिराम तिवारी, जयदीप सहाय, राधेश्याम का योगदान रहा। कार्यक्रम के संपादन में जयप्रकाश ,अम्बकेश सिंह व कृपाशंकर का विशेष भूमिका में रहे। प्रतियोगिता के परिणाम के रूप में सीनियर वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज ,देवरिया की नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान तथा बब्बन सिंह इंटर कॉलेज, कोठी, देवरिया के अनुराग सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। जूनियर वर्ग में सिक्कू निषाद एवं राजमणि सिंह चोखराज तुलस्यान इंटर कॉलेज सिसवा बाजार महाराजगंज ने प्रथम स्थान एवं वीर शिवाजी इंटर कॉलेज सरहरी गोरखपुर के अमन कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## लखनऊ में हुई फिल्म त्राहिमाम की स्पेशल स्क्रीनिंग

**लखनऊ(यूएनएस)।** अचलेश्वर फिल्म्स द्वारा निर्मित एवं मशहूर निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह के निर्देशन में बनी बॉलीवुड फिल्म त्राहिमाम की स्पेशल स्क्रीनिंग शुक्रवार को राजधानी के आलमबाग स्थित कार्निवाल कृष्णा सिनेमा में सम्पन्न हुई। जहां सैकड़ों की संख्या में पहुंचे दर्शकों ने फिल्म की जमकर सराहना की। फिल्म की मुख्य भूमिका में अर्शी खान, पंकज बेरी, मुस्ताक खान, आदि ईरानी, राजू खेर, रमित ठाकुर इत्यादि बॉलीवुड कलाकार दिखाई दे रहे हैं।

जिनकी कलाकारी को देख दर्शक अपनी तालियां न रोक सके।

फिल्म त्राहिमाम की कहानी एक सच्ची घटना पर आधारित है। जिसमें गरीब मजदूर चंपा और बल्लू को किन यातनाओं को सहना पड़ता है, कैसे राजनीति व सिस्टम से जूझना पड़ता है, इसके बारे में दिखाया गया है। ये फिल्म सिस्टम पर एक जबरदस्त प्रहार करती है। फिल्म की कहानी राजस्थान

**राजनीति व प्रशासन की असलियत को बयान करती है चंपा की कहानी**



के धौलपुर जिले से संबंधित है। जहां एक ओर फिल्म में अपराधिक मामलों को दिखाया जाता है, वहीं दूसरी ओर राजनीति और राजनीति के षड्यंत्र फिल्म को और भी रोचक बनाते हैं। फिल्म का सबसे अहम किरदार निभा रही अर्शी खान श्चंपाश् के अवतार में दिखाई दी। जो इस फिल्म में गांव की महिला के रूप में दिखाई दे रही है। कई बार बलात्कार के बाद चंपा का पति बल्लू अपनी पत्नी के लिए इंसाफ की गुहार लगाता नजर आ रहा है।

## बीडीओ ने विकास कार्यों के साथ धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी(यूएनएस)।** खंड विकास अधिकारी धौरहरा चंदनदेव पांडेय ने विकास खंड धौरहरा की ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लेने के साथ साथ धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और गांवों में बन रहे आयुष्मान कार्ड की प्रगति जानी। शुक्रवार को बीडीओ चंदनदेव ने ग्राम पंचायत देवीपुरवा का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान गांव में बन रहे आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने हेतु टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत हसनापुर के रंजीतगंज ,धौरहरा में धान क्रय केंद्र पर खरीद की समीक्षा की। साथ ही हसनापुर में जल जीवन मिशन कैम्प में ग्राम प्रधान तथा सचिव को ज्यादा से ज्यादा कनेक्शन कराने हेतु निर्देशित

**बीडीओ ने गांवों में बन रहे आयुष्मान कार्ड की जानी प्रगति**

किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत हसनापुर में आयुष्मान कार्ड बना रही टीम का जायजा लिया जिसमें आशा अनुपस्थित मिली। बीडीओ ने बीसीपीएम को अनुपस्थित आशा के विरुद्ध चेतावनी निर्गत करने का निर्देश दिया। बीडीओ चंदनदेव ने बताया निरीक्षण के दौरान आज 100 आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य टीम को दिया गया है। साथ ही ग्रामीणों से आयुष्मान कार्ड बनाने में सहयोग की अपील की है जिससे निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

### परिजनों ने महिला को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र धौरहरा में भर्ती कराया

**लखीमपुर खीरी(यूएनएस)।** गांव से अपने बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक 70 वर्षीय महिला धौरहरा अस्पताल में दवा लेने जा रही थी। रास्ते में सिसैया क्रेशर के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे महिला मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। परिजनों ने महिला को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौरहरा में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची कोतवाली धौरहरा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र




ईसानगर के ग्राम बिरसिंहपुर निवासी अ0 रहमान की 70 वर्षीय पत्नी गुलशन काफी समय से बीमार थी।जो कि दवा लेने अपने पुत्र मतीन के साथ आ रही थी। तभी सिसैया क्रेशर के पास हाईवे पर करीब 11बजे किसी चार पहिया अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से छिटककर दूर जा गिरी। परिजनों ने आनन फानन में सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बृद्धा गुलशन की मौत हो गई।डाक्टर की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने शव का पचंनामा भरकर पोस्टमार्टम कराने हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। इस दौरान मृतका के परिजन पीएम कराने से मना कर रहे थे अस्पताल में शव के पास मौजूद परिजनों व रिस्तेदारों ने हास्पिटल प्रशासन को लिख कर भी दिया कि हम लोग पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे हैं।

इस बाबत इंसपेक्टर धौरहरा विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि सड़क पर एक्सीडेंट से मौत हुई है। पी एम होना जरुरी है क्योंकि एक्सीडेंटल केस में मृतक, मृतिका के परिजनों को किसी भी प्रकार के एक्सीडेंटल क्लेम का लाभ पीएम के आधार पर ही मिलता है।

## 6 नफर वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (यूएनएस)।** अपराध की रोकथाम एवं वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को इंस्पेक्टर गोला धर्म प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना गोला पुलिस द्वारा विभिन्न अभियोगों से संबंधित 06 नफर वारंटी अभियुक्त शकील पुत्र मुन्ने नि0 ग्रा0 भूड़वारा थाना गोला वाद सं0 4390٤15 धारा 3٤5क٤8 गोवध अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, नईम पुत्र बाबू मानीटर नि0 भुड़वारा थाना गोला खीरी वाद सं0 5869٤16 धारा 26 फोरेस्ट अधिनियम, मंगू पुत्र नत्थू निवासी ग्राम भूड़वारा थाना गोला खीरी वाद सं0 4108٤15 धारा 3٤5٤8 गोवध निवारण अधिनियम, प्रहलाद पुत्र रामपाल पासी निवासी ग्रा0 लाल्हनगंज कस्बा व थाना गोला खीरी वाद सं0 12472٤2006 धारा 3٤25 आर्म्स एक्ट, मो0 अयूब पुत्र अब्दुल खलील नि0 ग्रा0 चौरठिया थाना गोला खीरी वाद सं0 4683٤1996 धारा 379٤411 भादवि व रहीश पुत्र अजीज नि0 तेन्दुआ थाना गोला खीरी वाद स0 7289-06 धारा 4٤25 आर्म्स एक्ट से संबंधित गिरफ्तार किया गया।

## एनबीएफजीआर में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

**लखनऊ(यूएनएस)।** आईसीएआर-एनबीएफजीआर लखनऊ में स्वच्छता पखवाड़ा का आज शुभारंभ किया गया।16 से 31 दिसंबर के दौरान संस्थान में मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार ने करते हुए स्टाफ सदस्यों को स्वच्छता के संबंध में शपथ दिलाई। पखवाड़े के दौरान संस्थान के मुख्यालय तथा संस्थान के कोचीन व चिनहट स्थित अनुसंधान केंद्रों पर विविध स्वच्छता गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओरका होगा भव्य आयोजन

**लखीमपुर खीरी (यूएनएस)।** मुख्य सचिव, उप्र लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जायेगा। इस वर्ष भी प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताहदूप्रशासन गांव की ओर 19 से 25 दिसम्बर 2022 के मध्य बनाए जाने का निर्णय लिया है। गुरुवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सुशासन सप्ताह मनाए जाने के संबंध में अफसरों की बैठक ली एवं उनके उत्तर दायित्व समझाएं। बैठक का संचालन डीपीआरओ सौम्यशील सिंह करते हुए बताया कि 19 से 25 दिसम्बर, 2022 तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु ग्राम पंचायतवार निम्नानुसार रोस्टर निर्गत किया है, जिसमें पंचायती राज, ग्राम्य विकास पंचायती राज, ग्राम्य विकास, राजस्व विभाग, पूर्ति विभाग,स्वास्थ्य,बाल विकास, एन0आर0एल0एम0पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। आयोजन के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा एक वेब पोर्टल भी विकसित किया गया है, जो 10 दिसम्बर से लाइव है। डीएम ने बताया कि इस सप्ताह के तहत लोक शिकायतों के निराकरण हेतु तहसील मुख्यालय, पंचायत स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### डॉ0 राम मनोहर लोहिया आडिटोरियम, परिकल्प भवन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया

## 53 परियोजनाओं मे कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों का दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभाराम्भ

संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड डेवलपमेन्ट कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रदेश के 34 जनपदों में स्वीकृत 53 परियोजओं में कार्यरत वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों का दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभाराम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ डॉ0 राम मनोहर लोहिया आडिटोरियम, परिकल्प भवन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, तेलीबाग, लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन देवेश चतुर्वेदी, मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव, कृषि विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन तथा परती भूमि विकास विभाग, उ0प्र0 शासन एवं श्रीहरि प्रताप शाही, मुख्य कार्यकारी अधिकारी,



एस0एल0एन0ए0 उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर देवेश चतुर्वेदी मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव, कृषि विभाग द्वारा वर्षा सिंचित क्षेत्र में उक्त योजना की उपयोगिता को रेखांकित किया गया तथा इस योजना में ग्रामीण सहभागिता व विभिन्न योजनाओं से प्रभावी कन्वर्जेन्स को चुनौती के रूप में लेकर प्रभावी क्रियान्वयन कराकर एक माडल प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी तथा योजना को समयबद्ध व पारदर्शी रूप से सम्पादित करने की अपेक्षा की गयी। योजना के प्रारम्भिक चरण को अत्यन्त उपयोगी एवं लाभकारी बताते हुए वर्षा जल के संचयन तथा इससे लाभो के बारे में कहा कि दिन-प्रतिदिन गिरते हुए भू-जल स्तर को देखते हुए वर्षा जल का संचयन वर्तमान और भविष्य की आवश्यकता के लिए नितान्त आवश्यक है। जल की कमी से जन, जमीन, जंगल, जानवर तथा खाद्य उत्पादन सब प्रभावित होगा एवं धरती पर जीवन मुस्किल हो जायेगा। अतः सबको जल संचयन और जल समयिक सदपयोग अपने दैनिक जीवन में डालना होगा।

# सम्पादकीय

## कैंसर का खतरा

एशिया में सर्वाइकल कैंसर के सबसे अधिक मरीज भारत में हैं. लांसेट के ताजा अध्ययन के अनुसार, इस बीमारी से होने वाली 40 फीसदी मौतों में से 23 फीसदी भारत में और 17 फीसदी चीन में होती हैं. साल 2020 में दुनियाभर में इस कैंसर के छह लाख से अधिक मामले सामने आये थे और 3.41 लाख से अधिक मौतें हुई थीं. इनमें से 21 प्रतिशत मामले भारत में आये थे. एशिया में यह आंकड़ा 58 प्रतिशत से अधिक है. रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि महिलाओं में सबसे अधिक होने वाले कैंसर के प्रकारों में सर्वाइकल कैंसर का स्थान चौथा है. कुछ एशियाई देशों, जैसे- भूटान, थाईलैंड, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका, में इस कैंसर के निदान के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है. भारत में भी यह अगले साल से प्रारंभ हो जायेगा. टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह के प्रमुख डॉ एनके अरोड़ा ने बताया है कि 2023 के मध्य तक राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में सर्वाइकल कैंसर के टीके को शामिल कर लिया जायेगा. उल्लेखनीय है कि विभिन्न टीकों की तरह यह टीका भी देश में ही विकसित किया जा रहा है तथा इसकी खुराक नौ से चौदह साल उम्र की बच्चियों को दी जायेगी. भारत की इस पहल को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहनीय बताया है. बाजार में जो विदेशी टीके उपलब्ध हैं, उनकी तुलना में भारतीय टीका काफी सस्ता होगा. इससे सरकार पर खर्च का दबाव कम होगा तथा इसे कम समय में अधिक से अधिक बच्चियों को दिया जा सकेगा. जिस तरह कोरोना और अन्य रोगों के निदान के लिए भारत में निर्मित एवं विकसित टीकों को कई देशों को उपलब्ध कराया गया है, उसी तरह सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए बन रहे टीके के निर्यात की उम्मीद है. 'दुनिया का दवाखाना' कहे जाने वाले भारत के लिए यह एक और बड़ी उपलब्धि होगी. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन कंपनियां ही यह टीका बनाती हैं, जिनमें से दो भारत को खुराक निर्यात करती हैं.

बाजार में एक खुराक की कीमत चार हजार रुपये से अधिक है. स्वाभाविक है कि हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी इतना महंगा टीका नहीं खरीद सकती है. लांसेट की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन इस रोग की वृद्धि के प्रमुख कारणों में है. भारत में भी देखा गया है कि विकास के साथ इस रोग में कुछ कमी आयी है, लेकिन उसे संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हमारे देश में महिलाओं में यह कैंसर होने का जोखिम 1.6 प्रतिशत और इससे मृत्यु की आशंका एक प्रतिशत है. टीकाकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास और जागरूकता प्रसार से हम इसका समाधान कर सकते हैं. साल 2023 के मध्य तक राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान में सर्वाइकल कैंसर के टीके को शामिल कर लिया जायेगा।

## लोहड़ी के त्यौहार क्यों मनाया जाता है

त्यौहार प्रकृति में होने वाले परिवर्तन के साथ- साथ मनाये जाते हैं जैसे लोहड़ी में कहा जाता हैं कि इस दिन वर्ष की सबसे लम्बी अंतिम रात होती हैं इसके अगले दिन से धीरे-धीरे दिन ब?ने लगता है. साथ ही इस समय किसानों के लिए भी उल्लास का समय माना जाता हैं. खेतों में अनाज लहलहाने लगते हैं और मोसम सुहाना सा लगता हैं, जिसे मिल जुलकर परिवार एवम दोस्तों के साथ मनाया जाता हैं. इस तरह आपसी एकता ब?ाना भी इस त्यौहार का उद्देश्य हैं। लोहड़ी पौष माह की अंतिम रात को एवम मकर संक्राति की सुबह तक मनाया जाता हैं यह प्रति वर्ष मनाया जाता हैं. इस साल 2023 में यह त्यौहार 14 जनवरी को मानाया जायेगा. त्यौहार भारत देश की शान हैं. हर एक प्रान्त के अपने कुछ विशेष त्यौहार हैं. इन में से एक हैं लोहड़ी. लोहड़ी पंजाब प्रान्त के मुख्य त्यौहारों में से एक हैं जिन्हें पंजाबी बड़े जोरो शोरो से मनाते हैं. लोहड़ी की धूम कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती हैं. यह समय देश के हर हिस्से में अलग- अलग नाम से त्यौहार मनाये जाते हैं जैसे मध्य भारत में मकर संक्रांति, दक्षिण भारत में पोंगल का त्यौहार एवम काईट फेस्टिवल भी देश के कई हिस्सों में मनाया जाता हैं. मुख्यतः यह सभी त्यौहार परिवार जनों के साथ मिल जुलकर मनाये जाते हैं, जो आपसी बैर को खत्म करते हैं। पुराणों के आधार पर इसे सती के त्याग के रूप में प्रतिवर्ष याद करके मनाया जाता हैं. कथानुसार जब प्रजापति दक्ष ने अपनी पुत्री सती के पति महादेव शिव का तिरस्कार किया था और अपने जामाता को यज्ञ में शामिल ना करने से उनकी पुत्री ने अपनी आपको को अग्नि में समर्पित कर दिया था. उसी दिन को एक पश्चाताप के रूप में प्रति वर्ष लोह?ी पर मनाया जाता हैं और इसी कारण घर की विवाहित बेटी को इस दिन तोहफे दिये जाते हैं और भोजन पर आमंत्रित कर उसका मान सम्मान किया जाता हैं. इसी ?ुशी में श्रृंगार का सामान सभी विवाहित महिलाओ को बाँटा जाता हैं। लोह?ी के पीछे एक एतिहासिक कथा भी हैं जिसे दुल्ला भट्टी के नाम से जाना जाता हैं. यह कथा अकबर के शासनकाल की हैं उन दिनों दुल्ला भट्टी पंजाब प्रान्त का सरदार था, इसे पंजाब का नायक कहा जाता था. उन दिनों संदलबार नामक एक जगह थी, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा हैं. वहाँ ल?कियों की बाजारी होती थी. तब दुल्ला भट्टी ने इस का विरोध किया और ल?कियों को सम्मानपूर्वक इस दुष्कर्म से बचाया और उनकी शादी करवाकर उन्हें सम्मानित जीवन दिया. इस विजय के दिन को लोह?ी के गीतों में गाया जाता हैं और दुल्ला भट्टी को याद किया जाता हैं।

# अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई झड़प

> इस प्रश्न का स्पष्ट उत्तर भले ही तमाम लोगों के पास न हो, पर चीन के उदारपंथियों और पूर्वी एशिया के कुछ थिंक टैंक को दोनों घटनाओं में रिश्ता नजर आ रहा है. चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संविधान में संशोधन के बाद शी जिनपिंग इसी दिन तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गये थे. उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी का सर्वोच्च नेता भी उसी दिन चुना गया था. बदले घटनाक्रम में जिनपिंग की ही वजह से सरकार में नंबर दो रहे ली खेचियांग को किनारे लगाया गया. पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ के साथ जो हुआ, वह तो इतिहास में दर्ज हो ही चुका है. चीन अपने अभ्युदय काल से ही साम्राज्यवादी नीति पर चलता रहा है. यह संयोग ही है कि तवांग की घटना के ठीक छह दिन बाद ही सरदार पटेल की 72वीं पुण्यतिथि है।

**उमेश चतुर्वेदी**

बीते 23 अक्तूबर को बीजिंग में घटी एक अहम घटना और नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हुई झड़प के बीच कोई सीधा संबंध है? इस प्रश्न का स्पष्ट उत्तर भले ही तमाम लोगों के पास न हो, पर चीन के उदारपंथियों और पूर्वी एशिया के कुछ थिंक टैंक को दोनों घटनाओं में रिश्ता नजर आ रहा है. चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संविधान में संशोधन के बाद शी जिनपिंग इसी दिन तीसरी बार राष्ट्रपति चुने गये थे. उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी का सर्वोच्च नेता भी उसी दिन चुना गया था. बदले घटनाक्रम में जिनपिंग की ही वजह से सरकार में नंबर दो रहे ली खेचियांग को किनारे लगाया गया. पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ के साथ जो हुआ, वह तो इतिहास में दर्ज हो ही चुका है. चीन अपने अभ्युदय काल से ही साम्राज्यवादी नीति पर चलता रहा है. यह संयोग ही है कि तवांग की घटना के ठीक छह दिन बाद ही सरदार पटेल की 72वीं पुण्यतिथि है. चीन के संदर्भ में पटेल की याद आना स्वाभाविक है. पटेल ने 72 वर्ष पहले ही चीन की साम्राज्यवादी नीति को भांप लिया था. ठीक एक वर्ष पहले जिस तरह चीन ने सुधार के नाम पर तिब्बत पर कब्जा जमाने की शुरुआत की थी, जिसे तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने नैतिक समर्थन दिया था, उससे पटेल चिंतित थे। चीन की साम्राज्यवादी नीति पर विचार के लिए पटेल तब कैबिनेट की बैठक बुलाना चाहते थे. इस सिलसिले में सात नवंबर, 1950 को उन्होंने नेहरू को जो लिखा था, वह एक बार फिर प्रासंगिक हो गया है. पटेल ने लिखा था, 'चीनी सरकार ने शांतिपूर्ण इरादों की अपनी घोषणाओं से हमें भुलावे में डालने का प्रयत्न किया है. मेरी अपनी भावना तो यह है कि किसी नाजुक क्षण में चीनी सरकार ने हमारे राजदूत में तिब्बत की समस्या को शांतिपूर्ण उपायों से हल करने की अपनी तथाकथित इच्छा में विश्वास रखने की झूठी भावना उत्पन्न कर दी. इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि चीनी सरकार अपना सारा ध्यान तिब्बत पर आक्रमण करने की योजना पर केंद्रित कर रही होगी. मेरी राय में चीनियों का अंतिम कदम विश्वासघात से जरा भी कम नहीं है. करुणता तो यह है कि तिब्बतियों ने हम पर भरोसा रखा और हमारे मार्गदर्शन में चलना पसंद किया और हम उन्हें चीनी कूटनीति के जाल से बाहर निकालने में असमर्थ रहे. हम तो चीन को अपना मित्र मानते हैं, परंतु वे हमें अपना मित्र नहीं मानते. चीन के सत्ता तंत्र में प्रधानमंत्री रहे ली खेचियांग उदारवादी माने जाते हैं. वह जिनपिंग की कठोर नीतियों के समर्थक नहीं रहे. कोरोना महामारी के दौरान चीन की आर्थिक स्थिति में गिरावट को लेकर दोनों नेताओं के बीच 2020 में अदावत बढ़ गयी थी. खेचियांग जहां खुदरा और स्ट्रीट कारोबार के जरिये चीन की गिरती आर्थिकी को संभालने की कवायत के हिमायती रहे, वहीं जिनपिंग का नजरिया इसके उलट रहा. याद कीजिए, 15 जून, 2020 की घटना. लद्दाख की सीमा से लगे गलवान घाटी में जब चीन के सैनिकों ने घुसपैठ की कोशिश की थी,तब हमारे निहत्थे जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया था. इस झड़प में भारत के 22 जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे. लोकतांत्रिक भारत ने तब अपने सैनिकों के इस सर्वोच्च बलिदान को न केवल स्वीकार किया, बल्कि चीन को चेतावनी भी दी. इसके बाद चीनी सीमा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे थे और दुनिया को भारत के मजबूत इरादे और ताकत का संदेश दिया था. इस झड़प में चीन के 45 से ज्यादा सैनिक खेत रहे थे. हालांकि, चीन ने कभी खुले तौर पर इसे स्वीकार नहीं किया. पर इसे लेकर चीन में हंगामा रहा. गलवान झड़प के लिए तब चीन के उदारपंथी जमातों के साथ ही पूर्वी एशिया के तमाम थिंक टैंक का मानना था कि जिनपिंग ने चीन में अपना प्रभाव और ताकत बढ़ाने के लिए अपनी सेना का इस्तेमाल किया. थिंक टैंक का यह भी मानना था कि चीन ऐसी घटनाओं से बाज नहीं आने वाला



है. तब यह भी माना गया था कि जिनपिंग का एक मकसद अपने प्रधानमंत्री ली खेचियांग की तरफ से चीनी जनता का ध्यान हटाना है. अगर खेचियांग की ताकत नहीं घटी, तो जिनपिंग ऐसे और कदम उठा सकते हैं. अक्तूबर में हुए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन में खेचियांग किनारे लगाये जा चुके हैं. ऐसे में प्रश्न उठता है कि फिर चीन ने अरुणाचल की तवांग घाटी में ऐसा कदम क्यों उठाया, जिसमें उसके 30 से ज्यादा सैनिक घायल हुए हैं. इस प्रश्न का उत्तर जानने के लिए चीन के अंदरूनी हालत पर भी ध्यान दिये जाने की जरूरत है. चीन चाहे लाख इनकार करे, पर कोरोना महामारी एक बार फिर से पैर फैला रही है. इसे देखते हुए जब कठोर प्रतिबंध लगाये गये, तो लोग सड़कों पर उतर आये. जिनपिंग गद्दी छोड़ो जैसे नारे भी लगाये लगे. इस बीच चीन की अर्थव्यवस्था में गिरावट जारी है. उसकी विकास दर लगातार घट रही है. देश में बेरोजगारी बढ़ रही है. देश का निर्माण क्षेत्र भयानक मंदी से जूझ रहा है. चूंकि जिनपिंग 2013 से लगातार देश के राष्ट्रपति और कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव हैं. इसलिए उन पर सवाल ज्यादा हैं.

पूर्वी एशिया के थिंक टैंक मानते हैं कि ऐसे में जिनपिंग को देश का ध्यान बंटाने के लिए सबसे मुफीद रास्ता भारत के साथ विवादों को बढ़ावा देना नजर आता है. हालांकि, अब चीन भी बदल रहा है और वहां के लोग भी इन तथ्यों को व्यापक रूप से समझ रहे हैं. यहां उदारपंथियों की संख्या बढ़ी है. गलवान के बाद से चीन की सरकार पर वहां के नागरिक समुदायों ने सवाल भी उठाया था. जिस तरह गलवान के बाद जिनपिंग सवालों के घेरे में रहे थे, तवांग के बाद उन पर उंगलियां उठना स्वाभाविक है. फिर चीन जानता है कि आज का भारत 1962 के बाद से सैनिक और कूटनीतिक प्रभाव के मोर्चे पर लंबी यात्रा कर चुका है. बेशक 1975 के तवांग कांड के बाद से चीन सीमा पर तैनात सैनिकों को गोली-बारूद के साथ पहरेदारी पर रोक है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उनके पास प्रतिकार के जरूरी साजो-सामान नहीं हैं।

# क्रिप्टोकरेंसी की बढ़ी मांग

डॉ. निशिकांत दुबे

ट्यूलिप मेनिया, जिसे इतिहास के पहले वित्तीय बुलबुले के रूप में भी जाना जाता है, की शुरुआत सत्रहवीं शताब्दी में यूरोप में हुई. कैरोलस क्लूसियस ने 1590 के दशक में लीडन यूनिवर्सिटी के अपने निजी बागीचे में ट्यूलिप की खेती शुरू की, जो धीरे-धीरे पूरे नीदरलैंड में फैल गयी. इसके बाद क्लूसियस ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा इस रहस्यमयी परिघटना ट्यूलिप विखंडन को समझने में लगा दिया, जिसमें ट्यूलिप फूल की पंखुड़ियां बहुरंगी पैटर्न में बदल जाती हैं. इस परिघटना के बाद ट्यूलिप की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई. ट्यूलिप को अपने यहां उगाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया. अगर मुद्रास्फीति का हिसाब लगाकर देखा जाए, तो एक समय ट्यूलिप की कीमत पचास हजार से डेढ़ लाख डॉलर के बीच पहुंच गयी थी, ठीक उसी तरह जैसे बिटक्वाइन के दाम बहुत अधिक बढ़ गये थे. हालांकि कई वर्षों बाद यह पता चला कि ट्यूलिप के फूल में दिखने वाली अजीबो-गरीब घटना फूलों को संक्रमित करने वाले वायरस के कारण हुई थी. उस घटना की तुलना वर्तमान के क्रिप्टोकरेंसी को लेकर दुनियाभर में फैले उन्माद से की जा सकती है. रहस्यमयी सतोशी नाकामोतो द्वारा बिटक्वाइन की शुरुआत के बाद से ही क्रिप्टोकरेंसी की मांग भी बढ़ती गयी है और इसके प्रति लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है. तकनीक के वर्तमान दौर में क्रिप्टोकरेंसी को एक विनियमित सत्ता विरोधी मुद्रा के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को

> 1590 के दशक में लीडन यूनिवर्सिटी के अपने निजी बागीचे में ट्यूलिप की खेती शुरू की, जो धीरे-धीरे पूरे नीदरलैंड में फैल गयी. इसके बाद क्लूसियस ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा इस रहस्यमयी परिघटना ट्यूलिप विखंडन को समझने में लगा दिया, जिसमें ट्यूलिप फूल की पंखुड़ियां बहुरंगी पैटर्न में बदल जाती हैं. इस परिघटना के बाद ट्यूलिप की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई. ट्यूलिप को अपने यहां उगाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया. अगर मुद्रास्फीति का हिसाब लगाकर देखा जाए, तो एक समय ट्यूलिप की कीमत पचास हजार से डेढ़ लाख डॉलर के बीच पहुंच गयी थी, ठीक उसी तरह जैसे बिटक्वाइन के दाम बहुत अधिक बढ़ गये थे।



शक्ति देता है. क्रिप्टो समर्थक यह दावा करते हैं कि मुद्रा का यह स्वरूप मुद्रा की अस्थिरता, मुद्रास्फीति, ब्याज दर और खर्च करने की शक्ति को सत्ता से स्थानांतरित कर लोगों को दे देता है, जो ब्लॉकचेन तकनीकों के माध्यम से करेंसी का खनन कर सकते हैं. लेकिन यह बात सच्चाई से दूर है. बिटक्वाइन में सीमित सिक्के होते हैं, जिनका खनन (तकनीक से) हो सकता है तथा जैसे-जैसे खनन का काम बढ़ता है, प्रक्रिया कठिन होती जाती है और पर्यावरणीय जटिलताएं बढ़ती जाती है. कैंब्रिज सेंटर फॉर ऑल्टरनेटिव फाइनेंस के एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में, जब बिटक्वाइन चरम पर था, तब इसमें लगभग 110 टेरावॉट घंटे बिजली की खपत प्रतिवर्ष हुई थी.यह वैश्विक विद्युत उत्पादन का 0.55 प्रतिशत हिस्सा था और इतनी विद्युत ऊर्जा मलेशिया की पूरी खपत है. वर्तमान ऊर्जा संकट को देखते हुए बिजली की ऐसी बर्बादी असहनीय है. पर यह क्रिप्टो के बुरे प्रभाव का एक उदाहरण है. साल 2009 से इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से डार्क व डीप वेब में खरीदारी, हवाला, नशीले पदार्थ, रिश्वत आदि में किया जाता रहा है. तेज डिजिटलीकरण में ट्यूलिप मेनिया की तरह क्रिप्टो बबल भी बढ़ा. साल 2016 के बाद नयी करेंसियां, क्रिप्टो एक्सचेंज, टोकन आदि आये और इन्हें खूब प्रचारित करने की कोशिश की गयी. भारत में भी इसके निवेशक बढ़ाने के प्रयास हुए, लेकिन लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आने लगा है कि क्रिप्टो कितना खतरनाक है. पिछले साल क्रिप्टो का बाजार मूल्य दो ट्रिलियन घट गया, जो 2021 में तीन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था. हाल में भारतीय रिजर्व बैंक ने 'डिजिटल रुपीश् की शुरुआत की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत उन कुछ पहले ऐसे देशों में है, जो ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित नवाचार और डिजिटल करेंसी को भी बढ़ावा दे रहे हैं और साथ ही आम लोगों को क्रिप्टो मेनिया के प्रति आगाह भी कर रहे हैं. मेरे समेत कई सांसदों ने वर्ष 2017 में भारत में क्रिप्टोकरेंसी पर पाबंदी लगाने की मांग की थी. उसी समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के साथ वार्ता कर क्रिप्टो के अध्ययन तथा डिजिटल करेंसी जारी करने के लिए एक समिति का गठन किया था. एक व्यवस्था के तौर पर यह समझने में हमारी इस असफलता कि क्रिप्टोकरेंसी एक धोखाधड़ी के अलावा कुछ नहीं है, से लोगों को नुकसान ही होगा. हाल में क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के डूबने से ऐसे लोग तबाह हुए हैं, जिन्होंने अपनी जमा-पूंजी क्रिप्टो में निवेशित कर दी थी. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के निर्णयों के कारण भारतीय निवेशकों को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है. वर्ष 2018 में रिजर्व बैंक ने सभी विनियमित संस्थाओं को क्रिप्टो कारोबार में शामिल होने की मनाही कर दी थी, पर सर्वोच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया था. फिर देश में कई क्रिप्टो एक्सचेंज खुल गये. जोखिमों के साथ हमें ऐसी मुद्राओं की पूरी अर्थव्यवस्था और आबादी पर असर के बारे में सोचना चाहिए. हाल में एम्स के सर्वरों को हैक करने वाले क्रिप्टो में फिरौती मांग रहे थे. वित्तीय बुलबुलों के इतिहास को देखें, तो पाते हैं कि विनियमन के कारण ट्यूलिप मेनिया से लेकर 2008 के वित्तीय संकट तक, जैसे अनेक बुलबुले पैदा होते रहे हैं. विनियमन के किसी भी कानून को अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है. इसमें जोखिमों और लाभों का आकलन तथा सामंजस्यपूर्ण कराधान प्रणाली जैसे पहलू शामिल हैं. क्रिप्टो के नुकसान और खतरे से निपटने के लिए हमें या तो क्रिप्टोकरेंसी का विनियमन करना होगा या इस पर पूरी पाबंदी लगानी होगी।

# आलेख

## पोंगल त्यौहार 2023 क्यों मनाया जाता है

पोंगल, भारत के तमिलनाडू राज्य में मनाया जाने वाला त्यौहार है, जिसका तमिल के हिन्दू लोगों में बहुत महत्त्व है. विशेष रूप से यह किसानी त्यौहार है. जिसे हर साल जनवरी माह के मध्य में मानते है. जैसा कि सभी जानते है कि इसी समय उत्तर भारत के राज्यों में मकर संक्रांति एवं लोहरी का त्यौहार मनाया जाता है और यहाँ सभी संक्रांति के त्यौहार के समय पतंगबाजी में लगे रहते है, तो वहीं दूसरी ओर दक्षिण भारत के तमिलनाडू राज्य में पोंगल का त्यौहार मनाया जाता है. इसे लोग अपनी अच्छी फसल होने पर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाते है. यह त्यौहार 4 दिनों तक मनाया जाता है, और हर दिन का अलग ङ्क अलग महत्त्व है.

पोंगल दक्षिण भारत विशेष कर तमिलनाडु के लोगों का एक प्राचीन त्यौहार है. इस त्यौहार के इतिहास का अनुमान लगाया जाए तो यह संगम उम्र यानि लगभग 200 ईसा पूर्व से 300 ईस्वी के पहले का हो सकता है. हालाँकि पोंगल एक द्रविड फसल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है, और इसका संस्कृत पुराणों में उल्लेख भी है. इतिहासकारों ने थाई संयुक्त राष्ट्र और थाई निरादल के साथ इस त्यौहार की पहचान की, जिन्होंने यह माना कि यह त्यौहार संगम उम्र के दौरान मनाया गया. कुछ पौराणिक कहानियाँ भी पोंगल त्यौहार के साथ जुड़ी हुई हैं. यहाँ पोंगल की दो ऐसी कथा के बारे में बताया जा रहा है जोकि भगवान शिव और भगवान इंद्रा एवं कृष्णा से जुड़ी है. कथा 1ः एक पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान् शिव ने अपने बैल बसव को स्वर्ग से पृथ्वी में जाकर मनुष्यों को एक सन्देश देने को कहा कि ङ्क उन्हें हर दिन तेल से स्नान करना चाहिए और महीने में एक दिन खाना खाना चाहिए. किन्तु बसव ने

> इसे लोग अपनी अच्छी फसल होने पर बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाते है. यह त्यौहार 4 दिनों तक मनाया जाता है, और हर दिन का अलग अलग महत्त्व है. पोंगल दक्षिण भारत विशेष कर तमिलनाडु के लोगों का एक प्राचीन त्यौहार है. इस त्यौहार के इतिहास का अनुमान लगाया जाए तो यह संगम उम्र यानि लगभग 200 ईसा पूर्व से 300 ईस्वी के पहले का हो सकता है. हालाँकि पोंगल एक द्रविड फसल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है, और इसका संस्कृत पुराणों में उल्लेख भी है।

पृथ्वी लोक में जाकर इसकी उल्टी सलाह मनुष्यों को दे दी. उन्होंने मनुष्यों से कहा कि ङ्क उन्हें एक दिन तेल से स्नान और हर दिन खाना खाना चाहिए. इस गलती से भगवान् शिव बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने अपने बैल बसव को श्राप देते हुए कहा कि ङ्क वे स्थायी रूप से पृथ्वी पर रहने के लिए यहाँ से निकाल दिये गये हैं और उन्हें अधिक भोजन के उत्पादन में मनुष्यों की मदद के लिए हल जोतना होगा. इस तरह यह दिन मवेशियों के साथ सम्बन्ध रखता है. इससे जुड़ी एक और पौराणिक कथा है जोकि भगवान् कृष्ण और भगवान् इंद्र की है. यह कहा जाता है कि एक बार भगवान कृष्ण अपने बचपन में थे, तब उन्होंने भगवान् इंद्र को सबक सिखाने का फैसला किया, जोकि देवताओं के राजा बनने के बाद अभिमानी बन गये थे. भगवान् कृष्ण ने अपने गाँव के ग्वालों को इंद्र की पूजा करने से रोकने के लिए कहा. जिससे भगवान् इंद्र बहुत नाराज हुए और उन्होंने बादलों को तूफ़ान लाने और 3 दिन तक लगातार बारिश करने के लिए भेजा, जिससे पूरा द्वारका तहस ङ्क नहस हो गया. तब सभी की रक्षा के लिए भगवान् कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी सी उगली में उठा लिया, तब इंद्र को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने भगवान् कृष्ण की शक्ति को समझा. फिर भगवान कृष्ण ने विश्वकर्मा जी से इसका पुनर्निर्माण करने के लिए कहा और ग्वालों ने अपनी गायों के साथ फिर से फसल उगाई। पोंगल का त्यौहार एक दिन का त्यौहार नहीं है, बल्कि इसे 4 चार दिन तक मनाया जाता है. हिन्दू धर्म में पोंगल को साल के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार में से एक के रूप में गिना जाता है. इसके महत्त्व के तथ्य से यह निहित है, कि यह भगवान को जोकि प्रकृति के निर्माता हैं।

## दैनिक राशिफल

**मेषः-** आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

**बृषभः-** सुंदर भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में दुविधाग्रस्त होंगे। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः-** असीम प्रतिभाओं के बावजूद हीनता प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। नौकरी का माहौल अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन भी संभव।

**कर्कः-** आपकी सारी समस्याएं खुद-ब-खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ा वक्त का इंतजार करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**सिंहः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति न आने दें। दूसरों की बात इधर-उधर न करें तथा निर्थक दूसरों की आलोचना भी न करें। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**तुलाः-** कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिकः-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से प्रसन्न होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से खुश होंगे।

**मकरः-** कार्यक्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

**कुंभः-** नैतिक-अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। क्षमताओं पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। आलस्य न करें।

**मीनः-** राजनीतिज्ञों की सरगर्मियां बढ़ेंगी। रोजगार में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे परन्तु आवेश में कोई निर्णय न लें। जीविका क्षेत्र में नये आयाम आपको उत्साहित करेंगे। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**English**
की कमजोरी के कारण रह गए
वर्ना हम भी आज किसी की बाहों में होते
वो Cute लिखती रही
और हम कुत्ते समझते रहे!



## आज का सुविचार

:- सुविचार :-

दिल समंदर जैसा रखना
साहब, देखना नदियाँ
खुद ही मिलने आयेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रवर्तन टीम ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बसों, ट्रकों का चालान एवं बंद करवाया

**लखनऊ (यूएनएस)।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह के निर्देशों के अनुपालन में लखनऊ संभाग में प्रवर्तन टीम ने विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बसों, ट्रकों का चालान एवं बंद करवाया। निगम के रंग में अनाधिकृत संचालन करते हुए पकड़े जाने पर बस को मोहम्मदपुर चौकी में बंद कराया गया। ओवरलोड एवं फिटनेस फेल के अभियोग में जनपद बाराबंकी में कुल 5 वाहन बंद किए गये। ओवरलोड, फिटनेस, अनाधिकृत के अभियोग में जनपद उन्नाव में 7 वाहनों एवं हरदोई में 12 वाहनों का चालान किया गया है। जनपद हरदोई में 5 ट्रकों को ओवरलोडिंग के कारण सीज किया गया है। अनाधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ1 से 15 दिसम्बर तक लखनऊ परिक्षेत्र में कुल 6175 वाहनों का चालान तथा 928 वाहनों को बंद किया गया। वहीं उप परिवहन आयुक्त लखनऊ संभाग ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिससे की अनाधिकृत संचालन, ओवरलोडिंग को रोका जा सके। साथ ही लोगों से अपील की है कि लोग वाहनों का फिटनेस कराने के पश्चात ही सड़कों पर चलें और ट्रक स्वामी ओवरलोडिंग न करें, बस स्वामी अनाधिकृत संचालन न करें।

### राघवाचार्य जी महाराज के भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता’

**लखनऊ(यूएनएस)।** जगतगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के अमृत वर्षा के अंतिम दिन नव योगेश्वर संवाद, अवधूत उपाख्यान, श्रीमद्भागवत अनुक्रमणिका कथा सुनाई। निराला नगर स्थित माधव सभागार में चल रही कथा के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने भक्तो भीड़ देखते ही बन रही थी। कथा की शुरुआत हनुमान चालीसा के बाद मुख्य यजमान मानसरोवर परिवार के मुख्या महेश गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता ने व्यासपीठ की आरती करके की। कथा सुमिरन तथा व्यासपीठ से महाराज जी के आशीर्वाद राजू, लकी, तन्नु, सत्य प्रकाश गुलेरे, डा अजय गुप्ता, डॉ अनिल गुप्ता, हेमंत दयाल अग्रवाल, महेंद्र, एस के गोपाल, आलोक दीक्षित, पहुंचे। स्वामी राघवाचार्य जी महाराज ने कथा में विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया। स्वामी जी ने अंतिम दिन की कथा में अग्र पूजा के दौरान शिशुपाल द्वारा श्रीकृष्ण का अपमान करने के बाद श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध, गुरु भक्त सुदामा व श्री कृष्ण का द्वारिका में परम स्नेही मिलन, श्री कृष्ण का स्वधाम गमन व अंत में राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति के प्रसंगों को सुनाया। स्वामी महाराज जी ने कहा श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना और भगवान श्रीकृष्ण का नाम लेना चाहिए। इससे मनुष्य को मोक्ष मिलता है। उन्होंने कहा त्रेता युग में भगवान विष्णु की भक्ति को सर्वस्व माना है। द्वापर युग में तप को विशेष महत्व दिया है। कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण को मोक्ष के द्वार का रास्ता माना है। कलयुग में आयु कम है। इसलिए भागवत कथा श्रवण से मोक्ष प्राप्त कर सकते है। राजा परीक्षित को कथा श्रवण के सात दिन बाद मोक्ष मिला था। भगवान की निस्वार्थ भाव से अनन्य भक्ति करना चाहिए। भगवान से कुछ न मांगे। प्रभु भक्ति करते रहे। प्रभु खुद फल देते है। सारे पापों का नाश करते है। ईश्वर को धन, दौलत व यज्ञों से कोई सरोकार नहीं है। वह तो केवल स्वच्छ मन से की गई आराधना के अधीन होता है। समय-समय पर भगवान को भी अपने भक्त की भक्ति के आगे झुककर सहायता के लिए आना पड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण ने मित्रता, सदाचार, गुण, अवगुण, द्वेष सभी प्रकार के भावों को व्यक्त किया है।

### दहेज उत्पीड़न आरोपी के घर पुलिस ने चस्पा की नोटिस

**बस्ती(यूएनएस)।** मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के सिकरा पठान गांव निवासी दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित के घर और गांव में महिला थाना पुलिस ने डुग्गी मुनादी करवाकर 82 की नोटिस चस्पा किया। आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसे तलाश रही है। कई बार वारंट तामिला और घर पर पुलिस दबिस के बाद भी उसके हाजिर न होने के कारण कोर्ट ने 82 की नोटिस जारी किया। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने गांव में डुग्गी मुनादी करवाकर नोटिस चस्पा की। एसएचओ महिला थाना भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के सिकरा पठान गांव निवासी अरमान सहित उसके परिवार के 8 लोगों के खिलाफ उसकी पत्नी शमीमा खातून की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीडन, मारपीट, जानमाल की धमकी देने का मुकदमा महिला थाना में दर्ज किया गया था। 24 मई 2022 को दर्ज मुकदमे की विवेचना उपरांत 6 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट प्रेषित की गई। मामले में आरोपी अरमान गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही है। कोर्ट से उसके खिलाफ कई बार वारंट जारी किया गया, वारंट का तामीला भी उसके घर पर दबिस देकर तामील कराया गया, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने 82 की नोटिस जारी की। पुलिस टीम में शामिल एसआई मीना सिंह, मो. रफीक खां, हेड कांस्टेबल रामकुंवर, शीला कनौजिया, कांस्टेबल सुमित कुमार ने ग्राम प्रधान सत्यावती त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, श्याम लाल, मंजूर अली, जमाल अली, शमशाद खां आदि की मौजूदगी में उसके घर और गांव में डुग्गी मुनादी करवाकर उसे हाजिर होने का एलाउंस करवाया।

### कौशांबी में दुष्कर्म के दोषी व्यक्ति को 20 वर्ष की सजा

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक अदालत ने दुष्कर्म के मामले में आज आरोपी व्यक्ति को 20 वर्ष के कारावास और 31 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अपर जिला जज नीरज कुमार उपाध्याय की अदालत ने मामले की सुनवाई की और दोनों पक्ष के तर्को को सुनने एवं पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यो के परिशीलन के उपरांत अदालत ने आरोपी रामपाल यादव को दुष्कर्म का दोषी पाया और उसे 20 वर्ष के कारावास और 31 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने कौशांबी थाना क्षेत्र के एक गांव में चार जून 2021 को एक व्यक्ति द्वारा नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित बदमाश अवैध कट्टा के साथ गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के मईल क्षेत में शुक्रवार को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित शातिर बदमाश को कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने यहां बताया कि आज क्षेत्र के कुण्डौली तिराहा पर पुलिस चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस दल ने उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का अवैध कट्टा व दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बदमाश की पहचान विकाश कुमार के रुप में हुई है। पुलिस ने बरामद अवैध कट्टा व दो जिन्दा कारतूस को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरु कर दी है।

### राहुल गांधी की यात्रा अब सहारनपुर से होकर नहीं गुजरेगी

**सहारनपुर।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को सहारनपुर नगर में न तो जनसमर्थन जुटा पाई और न ही पूर्व निर्धारित मार्ग से होकर मंजिल तक पहुंच पाई। कांग्रेस नेता एवं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने सहारनपुर जिले में कमजोर कांग्रेस संगठन को देखते हुए एलान किया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अब सहारनपुर से होकर नहीं गुजरेगी। श्री खुर्शीद अचानक सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां की स्थिति का जायजा लेकर एलान कर दिया कि श्री गांधी की यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अब गाजियाबाद, बागपत और शामली से होकर हरियाणा के लिए निकल जाएगी। इससे सहारनपुर जनपद के लोगों की श्री गांधी की यात्रा में शामिल होने की इच्छा धरी की धरी रह गई।

# सेल्फी लेना सीखने से पहले सेल्फ डिफेन्स सीखना बेहतर

संवाददाता



**लखनऊ।** इण्डियन बैंक ने लेट्स गिव होप फाउंडेशन के सहयोग से आज महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर में 250 छात्राओं के लिए सक्षम कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छे?छा? और महिला उत्पी?न जैसी गंभीर समस्याओं पर अंकुश लगाकर बालिकाओं को सक्षम बनाना, उनका आत्मविश्वास ब?ाना है।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी पुलिस आवास निगम के चेयरमैन प्रकाश डी ने कहा कि एक बेहतर समाज का निर्माण बेटियां ही करती हैं यदि बेटियों को हम सक्षम बनाये तो आने वाले समय में वह एक सुव्यवस्थित और संगठित समाज का निर्माण करेंगी। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे ब? रही हैं। सेल्फी लेना सीखने से पहले बालिकाओं को सेल्फ डिफेन्स सीखना चाहिए। इस ट्रेनिंग के माध्यम से बालिकाएं मानसिक और शरीरिक रूप से भी सशक्त होंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर पर इंडियन बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज त्रिपाठी ने कहा कि इंडियन बैंक हमेशा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करता आ रहा है। लेट्स गिव होप फाउंडेशन के साथ मिलकर हमें भी इस मिशन को आगे ले जाने का मौका मिला और हम आगे भी अपना सहयोग देते रहेंगे। प्रधानाचार्या सीके चौधरी का कहना था कि यह इंडियन बैंक और लेट्स गिव होप द्वारा यह एक अच्छी मुहिम है हर माता पिता को अपनी बेटियों को प?ाई के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग भी करानी चाहिए।

विशेषज्ञों ने मुश्किल समय में या किसी के द्वारा अचानक हमला करने पर कैसे बचे इसके लिए ब्लॉक, पंचिंग और किकिंग की तकनीक के गुर और बारीकियां भी समझाई।

# सेना की मध्य कमान ने मनाया विजय दिवस

**सर्वोच्च बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के वीरों को सम्मानित करने के लिए 16 दिसंबर को लखनऊ कैंट में युद्ध स्मारक स्मृतिका पर एक पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया**

**लखनऊ (यूएनएस)।** विजय दिवस के उपलक्ष्य में 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सशस्त्र बलों के वीरों को सम्मानित करने के लिए 16 दिसंबर को लखनऊ कैंट में युद्ध स्मारक स्मृतिका पर एक पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, एवीएसएम, वीएसएम, जीओसी-इन-सीमध्य कमान ने अन्य सेवारत सैनिकों के साथ इस पवित्र अवसर पर युद्ध स्मारक स्मृतिका पर पुष्पांजलि अर्पित का जाबांज सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित की। यह कार्यक्रम पूरी सैन्य मर्यादा और परंपराओं के साथ मनाया गया। लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने सभी उपस्थित लोगों से हमारी मातृ भूमि के लिए हमारे वीर सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद करने और तिरंगे के सम्मान को बनाए रखने का प्रयास करने का आग्रह किया। 1971 का युद्ध पाकिस्तान द्वारा 03 दिसंबर 1971 को 11 भारतीय एयर बेसों पर पूर्व-खाली हवाई हमले शुरू करने के साथ शुरू हुआ था। युद्ध, पूर्वी और पश्चिमी दोनों मोर्चों पर लड़ा गया था और 13 दिनों तक चला था। इसके परिणाम स्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ।

## पठान का विरोध, राजपूत करणी सेना ने फूंका शाहरूख खान का पुतला

**लखनऊ (यूएनएस)।** अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान रिलीज से पहले ही विवादों में घिर चुकी है। फिल्म के गाने ‘बेशरम रंग’ में दीपिका की ड्रेस को लेकर विरोध किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दीपिका ने भगवा बिकनी पहनकर हिंदू धर्म और साधु संतों का अपमान किया है। अब लखनऊ में भी करणी सेना ने शाहरुख खान का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। करणी सेना के कार्यकर्ताओं का कहना है कि अगर किसी भी थियेटर में फिल्म स्क्रीनिंग हुई तो थियेटर फूंक दिए जाएंगे। पीजीआई इलाके में शुक्रवार को राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू के नेतृत्व में दर्जन भर कार्यकर्ताओं ने शाहरुख खान का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पठान मूवी में भगवा रंग का अपमान किया गया है। जिससे हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया कि अगर सिनेमा हॉल में मूवी की स्क्रीनिंग हुई तो आग लगा देंगे। फिल्म का पहला गाना बेशर्म रंग कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ। तभी से विवादों में आ गया है। गाने में दीपिका के भगवा रंग की बिकनी पहनने का विरोध हो रहा है। ‘पठान’ पर भगवा रंग का अपमान करने का आरोप लगाकर फिल्म के पोस्टर जलाए जा रहे हैं। किसी फिल्म के रिलीज होने से पहले ही उस पर विवाद खड़ा हो जाए तो आमतौर पर ये माना जाता है कि उस फिल्म के निर्माता ने ही इसे प्रायोजित करवाया होगा ताकि फिल्म हिट हो जाएं। लेकिन शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की रिलीज होने वाली फिल्म ष्पठानष् को लेकर जो बवाल अभी से मचा हुआ है, उसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में भी फिक्र बढ़ गई है।

## पशु तस्करी के नौ आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने गिरोह बनाकर पशुओं की तस्करी करने व उनके मांस का धंधा करने के नौ आरोपियों पर गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। एसओ दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि सराकत अली निवासी नेतारी कला थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर, फूलचंद सिंह निवासी गुण्डा कुंवर थाना छावनी, आनंद कुमार निवासी पूरेनाथू थाना छावनी, राम सूरत निवासी तुर्सी थाना छावनी पर कार्रवाई की गई है। इसी तरह भुडोले, भरत निवासी तुर्सी थाना छावनी, रोजन निवासी जमदाशाही थाना वाल्टरगंज, मो. आजाद निवासी बंजरिया थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर हाल पता इल्ताफगंज थाना टांडा जनपद आंबेडकरनगर और अब्दुल हकीम निवासी जमदाशाही थाना वाल्टरगंज, हाल पता उचहरा थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर पर भी गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## शराब के नशे में लूट करने वाला शातिर गिरफ्तार



**लखनऊ (यूएनएस)।** गुडंबा थाना पुलिस ने शराब के नशे में साथी के साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। शातिर लुटेरे ने 12 नवंबर को गुडंबा क्षेत्र में स्थित हेल्थ केयर क्लीनिक में घुसकर लूटपाट की थी। उसके बाद दिल्ली भाग गया था। डीसीपी उत्तरी एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि शुक्रवार को गुडंबा पुलिस ने सेंट मेरी के पास वाहन चेकिंग के दौरान मूल रूप से गोरखपुर चौरी-चौरा निवासी नवाब अंसारी को पकड़ा गया।

पूछताछ में नवाब ने बताया कि दिल्ली के ललिता पार्क थाना सकरपुर में रहकर कीटनाशक दवा के छिड़काव का काम करता है। लखनऊ आकर दोस्तों के साथ पहले शराब पीता, फिर लूटपाट करता है। उसके बाद वापस दिल्ली भाग जाता। उसने बताया फूलबाग कालोनी कुर्सी रोड निवासी डॉक्टर की क्लीनिक में घुसकर सिर पर तमंचा की बट मारकर लूटपाट की थी। इस दौरान उसको दुकान से 11 हजार रुपये कैश, मोबाइल और अन्य सामान मिला था। पुलिस टीम ने उसके पास लूट का सामान बरामद किया है।

उसके साथी की तालाश की जा रही है। जो घटना के वक्त मौजूद था। इसके खिलाफ गोरखपुर में मुकदमा दर्ज है। इंस्पेक्टर आलोक राय ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर नवाब और उसके साथी को पकड़ने की कोशिश की। पुलिस टीम को देखकर नवाब ने भागने की कोशिश की, लेकिन बाइक फिसलने से गिर गया। पुलिस टीम ने नवाब को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन उसका साथी भागने में कामयाब रहा। नवाब ने पूछताछ में बताया कि लूटपाट के पहले शराब पीता था। जिससे घटना के वक्त मारपीट और गोली चलाने में डर न लगे।

## यूपी में अब दिन-प्रतिदिन बढ़ेगी सर्दी, पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ी



**लखनऊ(यूएनएस)।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में चल रही तेज हवाओं का असर शुक्रवार को देखने को मिला। लखनऊ सहित सभी जनपदों में दिन में भी ठंडक का एहसास हुआ। हवा के असर से तापमान भी नीचे आ गया। गुरुवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 1 डिग्री और कम होकर 26 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मौसम विभाग में जानकारी दी है कि शनिवार को ‌अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 1 से डेढ़ डिग्री तक गिरावट होगी। बीते 24 घंटे में मुजफ्फरनगर 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सबसे ठंडा शहर रहा। रात के तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ के तापमान में 20 डिग्री सेल्सियस गिरावट कम होते हुए हो 9.10 बजे 6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। बिजनौर जिले में भी 2 डिग्री सेल्सियस तापमान में गिरावट आई है। इसके अलावा मेरठ शहर में 9.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान तापमान रिकॉर्ड किया गया है। बीते 4 दिन पहले पहाड़ों पर जमकर बर्फबारी शुरू हो गई। पहाड़ों पर ही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। पहाड़ों से टकराकर आ रही ठंडी हवाओं से तापमान गिरावट हो रही है। आंचलिक लखनऊ मौसम केंद्र के प्रभारी निदेशक मोहम्मद दानिश ने बताया कि आमतौर पर नवंबर के अंत में या दिसंबर की शुरुआत में बारिश हो जाती थी। बारिश की तत्काल के पास से सर्दी होने लगती है। निदेशक सर्दी कम होने का दूसरा कारण पहाड़ों पर कम बर्फबारी होना भी बता रहे हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी होने से उससे टकराकर आने वाली हवाओं की वजह से सर्दी ज्यादा होती है।

## दहेज के लिए विवाहिता को चाकू मारने में चार नामजद

**बस्ती(यूएनएस)।** नगर बाजार थाना क्षेत्र के कोठवाभरतपुर में विवाहिता ने ससुराल के चार लोगों पर दहेज की मांग करते हुए चाकू से मारकर घायल करने व घर से निकाल देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थाना क्षेत्र के बकैनिया द्वीप निवासी इशरत जहां पुत्री हैदर अली ने नगर पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उनकी शादी नगर थाना क्षेत्र के कोठवा भरतपुर निवासी नूर मोहम्मद के साथ हुई थी। कुछ दिन बाद ससुराल के लोग दहेज लाने का दबाव बनाने लगे और आए दिन प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को पति नूर मोहम्मद, सास जाहिदा खातून, ससुर वसीम निवासी कोठवाभरतपुर व चचेरे ससुर इस्लाम निवासी बकैनिया द्वीप थाना नगर ने दहेज के लिए पीटकर अपशब्द कहते हुए चाकू से मारकर घायल कर दिया।

## कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा पहुंची बस्ती

**बस्ती (यूएनएस)।** बस्ती में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा शुक्रवार को जिले में पहुंची। मुख्यालय के बड़ेवन चौराहे से निकली भारत जोड़ो यात्रा न्याय मार्ग, गांधीनगर, दक्षिण दरवाजा, मंगल बाजार होते हुए पॉलीटेक्निक चौराहे पर पहुंची। यात्रा का जगह जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रान्तीय अध्यक्ष एवं फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले लालबहादुर शास्त्री, संत गाड़गे, पंडित जवाहर लाल नेहरू, भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। टाउन हॉल के पास गांधी, नेहरू, शास्त्री के वेष में युवक यात्रा में शामिल हुए। शास्त्री चौक पर बात करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी ने कहा कि वर्षो से जो नफरत फैलाई गई है, लोगों को हिन्दू मुसलमान के नाम पर बांटा गया है, उससे हुई क्षति से देश को बचाने के लिए राहुल गांधी समूचे देश में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ कांग्रेसजनों के नेतृत्व में यात्रा निकाली जा रही है, जिसे जनता का व्यापक स्तर पर समर्थन मिल रहा है। कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में अहंकारी भाजपा का सफाया हो जाएगा। जिन मूल्यों पर भाजपा राजनीति कर रही है, उन मूल्यों पर कांग्रेस कतई सत्ता में नहीं आना चाहती। कांग्रेस का अपना एक आचरण और आदर्श है। एक विचारधारा है, जिसे कांग्रेस अपनी ताकत मानती है। भाजपा को सत्ता में बनाए रखने के लिए जनता को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

## पूर्वजों कि स्मृति में ज्ञान दान सर्वोच्च दान है: उमानंद शर्मा

**लखनऊ (यूएनएस)।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''हिमालयन पॉलीटेक्टिक इंस्टीट्यूट कुम्हरवॉ रोड, बी0के0टी0 लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 378वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्व0 सागरमल अग्रवाल एवं सुशीला देवी की स्मृति उपरोक्त साहित्य पुत्रवधु अशोक कुमार अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी प्रीती अग्रवाल तथा छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''पूर्वजों की स्मृति में ज्ञान-दान सर्वोच्च दान है'' हर जीवन जागृत आत्मा को ज्ञान यज्ञ के क्षेत्र में पुरुषार्थ करना चाहिये। इस अवसर पर पी.डब्लू.डी. के पूर्व ई.एन.सी. श्री वी.के. श्रीवास्तव, संस्था के चेयरमैन दिलीप सिंह बाफिला, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, प्रीती अग्रवाल ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, एवं संस्था के चेयरमैन दिलीप सिंह बाफिला, इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. प्रितेश सक्सेना फार्मा के निदेशक डॉ. अमित वर्मा, वी0के0 श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, प्रीती अग्रवाल, एवं विभागाध्यक्ष सहित छात्र-छात्रायें, संकाय सदस्य मौजूद थे।

## एयरटेल ने शुरू 5 जी सुविधा,बनारस के बाद लखनऊ दूसरा शहर बना जिसने 5 जी सुविधा शुरू हुई

**लखनऊ (यूएनएस)।** लखनऊ में 5 जी सुविधा शुरू हो गई है। एयरटेल ने पिछले दिनों इसकी शुरूआत किया है। बनारस के बाद यह दूसरा शहर है जहां कंपनी की तरफसे यह सुविधा चल रही है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए उपभोक्ताओं को अपना सिम नहीं बदलना पड़ेगा। वर्तमान सिम पर ही 5 जी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। एयरटेल के गोपाल विट्ठल ने बताया कि ज्यादातर एक साल से ज्यादा पुराने स्मार्टफोन में 5जी चिपसेट नहीं होता है। हालांकि, भारत मे उपलब्ध नए स्मार्टफोन्स में ज्यादातर 5 जी सक्षम हैं। दूरसंचार विभाग ने 5जी एप्लीकेशन और समाधानों पर जोर देते हुए 14




केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों के साथ मिलकर एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन कर चुका है। दरअसल, इसमें कृषि मंत्रालय भी शामिल है। इसमें यह भी देखा जा रहा है कि 5 जी सुविधा कैसे कृषि सुविधाओं को बेहतर कर सकता है। एयरटेल यूपी के सीईओ सोवन मुखर्जी ने बताया कि एयरटेल ने कई शक्तिशाली उपयोग के मामलों के साथ 5जी की शक्ति प्रदर्शन करने जा रहा है। अब बनारस और लखनऊ में यह सुविधा चल रही है। उनका दावा है कि यह हमारे जीवन जीने और व्यापार करने के तरीके को बदल देगा। एयरटेल 5 जी प्लस कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, विनिर्माण, मोबिलिटी और लोजिस्टिक्स में क्रांतिकारी बदलाव लाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में नील की खेती को दोबारा शुरू करने वाली एमएमए हर्बल के कृषि वैज्ञानिक देवव्रत सिंह का कहना है कि तकनीक का बेहतर होना हमेशा लाभकारी होता है। उनके ही सेक्टर में जैसे ही काम बढ़ेगा टेक्नोलॉजी की आवश्यकता होगी। इसको अब 5 जी से पूरा किया जा सकता है।

5 जी के आने से निकट भविष्य में सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य, कीट नियंत्रण आदि के डेटा से ड्रोन का संयोजन होगा, जिससे फसल की बुवाई के पहले और कटाई के बाद तक प्रभावी लाभ मिलेगा। देवव्रत सिंह के मुताबिक, किसान पहले से एप्स के जरिये अपने मोबाइल पर कृषि संबंधी जानकारी व सलाह प्राप्त कर रहे हैं। 5 जी कनेक्टिविटी के जरिए, इस सलाह का दायरा अब सबके लिए कॉमन न होकर किसानों के लिए केस टू केस बेसिस पर और सटीक होगा। 5जी नेटवर्क के आने के बाद बिजनेस को होने वाले फायदे हाई स्पीड डेटा नेटवर्क से कहीं अधिक हैं।

## बांदा डिपो से रोडवेज की 10 बसों को चित्रकूट डिपो भेजने की तैयारी

# चित्रकूट बस स्टैंड को मिलेगा डिपो का दर्जा

**बांदा(यूएनएस)।** चित्रकूट के राजकीय बस स्टैंड को डिपो का दर्जा मिलेगा। 20 दिसंबर को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह इसका उद्घाटन कर सकते हैं। परिवहन विभाग इसकी तैयारियां कर रहा है। बांदा डिपो से रोडवेज की 10 बसों को चित्रकूट डिपो भेजने की तैयारी है। विभाग इन बसों के संचालन के लिए रूट चार्ट बना रहा है। चित्रकूट डिपो से रोडवेज बसों का संचालन शुरू होने से कानपुर और लखनऊ जाने वाले यात्रियों को अन्य रूट से बसें जाने पर 10 किलोमीटर की दूरी कम पड़ेगी।चित्रकूट में बस अड्डे का संचालन




अभी तक बांदा डिपो से हो रहा है। डिपो का दर्जा मिलने के बाद वहां पर एआरएम व स्टाफ बैठेगा और बसों का संचालन चित्रकूट करेगा। बसों की मरम्मत आदि कार्यो के लिए वर्कशाप बनेगा। सरकार ने अब चित्रकूट बस स्टैंड को डिपो बनाने की कवायद तेज कर दी है। वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बांदा डिपो की 10 बसों की कटौती कर चित्रकूट बस स्टैंड भेजे और स्टाफकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। चर्चा है कि 20 दिसंबर को प्रदेश परिवहन मंत्री दयाशंकर व परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक चित्रकूट में पहुंचकर बस स्टैंड को डिपो का दर्जा देने की घोषणा व उद्घाटन करेंगे। चित्रकूट को डिपो का दर्जा मिलने से बसों की संख्या बढ़ेगी। इससे लखनऊ व कानपुर जाने वाले यात्रियों को चित्रकूट से सीधी सुविधा मिलने लगेगी। उन्हें बांदा होकर जाना नहीं पड़ेगा और अन्य रूट से 10 किमी की दूरी भी कम होगी। इसके अलावा जिले के जिन ग्रामीण मार्गों में अभी रोडवेज सेवा उपलब्ध नहीं, वहां भी संचालन शुरू होगा। प्रदेश सरकार ने चित्रकूट में बस स्टैंड के निर्माण के लिए वर्ष 2001 हरी झंडी दी थी, लेकिन जमीन के विवादों से घिरे रहने के कारण बस स्टैंड का निर्माण वर्ष 2019 में शुरू हुआ था।

# निकाय चुनाव को लेकर अखिलेश यादव की बैठक संपन्न

## टिकट के लिए सपा कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ता

संवाददाता



**लखनऊ।** हाल ही में संपन्न हुए उपचुनावों में मिली सफलता के बाद से उत्साहित सपा प्रमुख अखिलेश यादव यूपी में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारियों में जुट गए है। इसके मद्देनजर उन्होंने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में आज प्रदेश भर के पदाधिकारियों के साथ नगर निगम के उम्मीदवारों की बैठक बुलाई है। इस बैठक में प्रदेश के कोने कोने से कार्यकर्ता व समर्थक टिकट के लिए आए है। 2017 में हुए उत्तर प्रदेश के नगर निगम चुनाव में उस वक्त के 16 नगर निगमों में से 14 नगर निगमों कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा, बरेली, मथुरा, मुरादाबाद, सहारनपुर, अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, झांसी पर भाजपा तो अलीगढ़ और मेरठ पर बसपा ने कब्जा किया था। इस चुनाव में समाजवादी पार्टी अपना खाता तक नहीं खोल पाई थी। वहीं शाहजहांपुर को 2018 में नगर निगम बनाया गया था। मैनपुरी लोकसभा व खतौली विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मिली जीत से समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव व सपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। सपा इस चुनाव में मिली जीत को भुनाना चाहती है। इसके लिए सपा प्रमुख ने खास रणनीति बनाई है। आपको बता दे कि 2022 में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद सपा प्रदेश में हो रहे निकाय चुनाव में पूरे दमखम से ताल ठोकने के मूड में है। इसके लिए वह पार्टी के कद्दावर नेताओं को अहम जिम्मेदारी सौंपने जा रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को 5 विक्रमादित्य मार्ग स्थित सपा कार्यालय पर नगर निगम के टिकट उम्मीदवारों के साथ पार्षद व नगर पालिका परिषद के प्रत्याशियों के साथ बैठक की। सपा नेताओं का कहना है कि सपा प्रमुख इस चुनाव में किसी प्रकार का रिस्क नहीं लेना चाहते है। इसलिए वह हर जिले के पार्टी नेताओं से टिकट की दौड़ में शामिल प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक ले रहे है। हर जिले में पार्टी में सबसे ज्यादा स्वीकार्य नेताओं को ही पार्टी टिकट देने का विचार कर रहा है।

### लखनऊ नगर निगम में मृतक आश्रित कोटे से हुई 11 कर्मचारियों की तैनाती

**लखनऊ(यूएनएस)।** लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश पर नगर निगम लखनऊ में मृतक आश्रित कोटे से विभिन्न पदों पर कुल 11 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। जिसके नियुक्ति पत्र बाबू राज कुमार श्रीवास्तव समिति कक्ष में अपर नगर आयुक्त अवनीन्द्र कुमार के द्वारा प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान अशोक सिंह की उपस्थिति में प्रदान किये गए। मृतक आश्रितों की नियुक्ति पाने वाले मीनाक्षी पटेल, मंजु नायक ,कुमारी हर्षा सिंह, ऋषभ यादव, पूनम पाल, मनजीत कुमार, जूली सिंह, ममता कुमारी , अनीता कुशवाहा, कैफ अंसारी व शिखर सोनकर हैं।

### नौनिहालों ने गाए प्रभु यीशु के गीत, क्रिसमय की तैयारियां भी शुरू

**अलीगढ़(यूएनएस)।** प्रभु यीशु की याद में दुबे का पड़ाव स्थित शीशियापाड़ा चर्च गूंज उठा। समाज के वरिष्ठ जनों के साथ नौनिहालों ने भी यीशु के गीत गुनगुनाए और इससे सारा गिरिजाघर गूंजता रहा। मौका था चर्च के 9वें स्थापना दिवस समारोह का और चर्च के नए भवन के उद्घाटन का। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में ईसाई समाज के लोग शामिल हुए। प्रभु यीशु के गीत गाए गए और नन्हे मुन्नों ने अपने गीतों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया गया। चर्च के पास्टर जॉनसन ने बताया कि चर्च की स्थापना 9 साल पहले हुई थी। जिसके बाद अब दुबारा भवन का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसके चलते चर्च में विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। मेथोडिस्ट चर्च के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर मनमोहक तरीके से चर्च की सजावट की गई है। वहीं दूसरी ओर क्रिसमस की तैयारियां भी शुरू हो चुकी हैं। बच्चों से लेकर बड़े तक सभी पूरे उत्साह के साथ खुशियां मनाते नजर आए। धार्मिक आयोजन और प्रार्थना सभाओं के बाद क्रिसमस ट्री बांटे गए। बच्चों को उपहार दिए गए, जिसे पाकर वह खुश होते नजर आए। चर्च के पास्टर जॉनसन ने बताया कि क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं और पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ यीशु की जन्मदिन को मनाया जाएगा।

## 431 वरिष्ठ कृषि प्राविधिक सहायकों को योगी ने दिया नियुक्ति पत्र

**कहा चयनित अभ्यर्थियों की ऊर्जा का लाभ किसानों को मिलेगा**



**लखनऊ(यूएनएस)।** गुरुवार को लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कृषि सेवा वर्ग के चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सेवा में चयनित लोगों को बधाई देते हुए कहा कि चयनित अभ्यर्थियों के पास डिग्री के साथ अच्छा अनुभव है। लेकिन अब तक किसानों व समाज को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। अब चयनित अभ्यर्थियों की ऊर्जा का लाभ किसानों को मिलेगा और उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान ब्ड योगी ने कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार रोजगार को लेकर मिशन मोड पर काम कर रही है। हमारी सरकार ने प्रदेश के सभी सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आमदनी दोगुनी करने के साथ कृषि के क्षेत्र में अनेक प्रयास कर रही हैं। हमारी सरकार अच्छी तकनीक और अच्छे बीज, उर्वरक उपलब्ध करा रही हैं। उत्तर प्रदेश में कृषि विज्ञान केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

किसानों की मदद में इनका बड़ा महत्व है। अगर यूपी को देश का ग्रोथ इंजन बनाना है तो सबसे अच्छी संभावना वाले क्षेत्र को चिन्हित करना होगा। कृषी क्षेत्र में जो क्षमता है। उसका उपयोग करेंगे तो हमारी उत्पादकता तीन गुना तक बढ़ जाएगी। उत्तर प्रदेश के किसान पूरी दुनिया का पेट भरने की ताकत रखते है। लोकभवन में कृषि सेवा वर्ग के चयनित 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायकों को नियुक्ति पत्र को सौंपने के कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओळख और अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी मौजूद रहे। इस दौरान चयनित अभ्यर्थियों की ओर से विभाग में पारदर्शी तरीके से नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

## एएमयू में स्टार्ट-अप प्रतियोगिता का आयोजन

**अलीगढ़(यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों सौरव सारस्वत और दिव्यांक शांडिल्य ने अपना सर्वश्रेष्ठ पिच डेक तैयार किया जिसमें उन्होंने रचनात्मक दृश्यों के साथ पूरक पाठ और अपने स्टार्ट-अप विचार को समझाने के लिए सरल लेकिन मनोरम भाषा का इस्तेमाल किया, जिसने उन्हें गुरुवार को यूनिवर्सिटी पालीटेक्निक में इनोवेशन कार्उंसिल एंड यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन सेंटर द्वारा आयोजित स्टार्ट-अप प्रतियोगिता 'स्टेप अहेड' में पहला पुरस्कार जीतने में सहायता की। उन्हें मुख्य अतिथि एएमयू के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर और मानद अतिथि, प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान (वित्त अधिकारी) और प्रोफेसर मोहम्मद अल्तमश सिद्दीकी (डीन, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय) एवं मोहम्मद हमजा (प्रबंध निदेशक) द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिर्जा अली बेग ने दूसरा पुरस्कार हासिल किया जबकि, जूही फरीदी, युसरा मेराज और आतिफा अकील ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। अरीबा खान व उनकी टीम व महिमा सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया प्रदान किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए वाइस चांसलर, प्रोफेसर तारिक मंसूर ने कहा कि चूंकि हम उद्यम आधारित पूंजी के युग में जी रहे हैं, जहां कई निवेशक दुनिया को बदलने की कोशिश में प्रेरणा युक्त स्टार्टअप में निवेश करके महत्वपूर्ण फायदा हासिल कर रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि छात्र सीखें कि कैसे हजारों लोगों के सामने अपने नव विचार रखें और उन लोगों से जुड़ें जो उन्हें अगले स्तर तक ले जा सकते हैं।

स्वागत भाषण में प्रोफेसर इम्तियाज हसनैन (अध्यक्ष, आईसी और यूआईसी) ने छात्रों को बड़े विचारों के साथ आगे आने के लिए कहा जिन पर आगे काम किया जा सकता है और वे अपने स्टार्ट अप के विस्तार का समर्थन प्राप्त करने के लिए निवेशकों तक पहुंच बना सकते हैं। उन्होंने आईसी और यूआईसी की उपलब्धियों पर भी चर्चा की।

प्रोफेसर मोहम्मद अल्तमश सिद्दीकी ने जोर देकर कहा कि नवोदित उद्यमी प्रतिभाओं के लिए स्टार्ट-अप प्रतियोगिताएं उन संसाधनों और संगठनों से जुड़ने के लिए प्रशिक्षित होने के लिए सही मंच हैं, जिन्हें उन्हें लान्च करने और अपने विचारों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। वित्त अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद मोहसिन खान ने कहा कि दुनिया भर के निवेशक तकनीक, व्यापार और विज्ञान में परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों में तेजी लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मानद अतिथि मोहम्मद हमजा (संस्थापक और प्रबंध निदेशक, इंजीनियरिंग एवं पर्यावरण समाधान प्राइवेट लिमिटेड) और अनिल कुमार सिंह (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, केनरा बैंक) ने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की और छात्र प्रतिभागियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जो संपार्श्विक-मुक्त ऋण प्रदान करती हैं। प्रोफेसर आसिया चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डज्ञ. अम्बरीन सलीम ने किया। सार्थक सक्सेना (निदेशक, दीप एक्सपो इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड), अंकित अग्रवाल (निदेशक, स्वदेशी खादी ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड), अनिल कुमार सिंह (लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, केनरा बैंक), और डा आयशा फारूक (प्रोफेसर, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग) ने प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल थे। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ अपने विचार भी साझा किये।

### शिक्षक संघ का धरना-प्रदर्शन,खंड शिक्षा अधिकारी पर उत्पीड़न का आरोप

**अलीगढ़(यूएनएस)।** अतरौली में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन बीआरसी भोजपुर पर हुआ। इस दौरान शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष डॉ प्रकाश प्रशांत शर्मा ने अध्यक्षता की। इसमें खंड शिक्षाधिकारी पर छुट्टी को अकारण निरस्त करना व प्रतिकर अवकाश को समय पर नहीं देना व शिक्षक, शिक्षिकाओं से अभद्र भाषा शैली में बात करना आदि आरोप लगाए गए।खंड शिक्षाधिकारी के खिलाफ जांच कमेटी गठित करने की भी मांग की गई। एसडीएम रविशंकर सिंह को ज्ञापन देकर कार्रवाई और ब्लॉक से स्थानान्तरण की मांग की। संचालन मंत्री आरडी शर्मा एवं महामंत्री इंद्रजीत सिंह ने किया।

इस दौरान रूम सिंह वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष, राकेश यादव कोषाध्यक्ष, करुणेश पालीवाल जिला अंकेक्षक, रचना शर्मा जिला संयुक्त मंत्री, राजकुमार सिंह, रामसेवक शर्मा, भगवत सिंह, साहब सिंह, पवन चौहान, नीरज शर्मा, पुष्पलता, मोहम्मद उमर, सीमा रानी राजपूत, योगेंद्र शर्मा अध्यक्ष बिजौली, रूपेंद्र कुमार शर्मा, चरण सिंह अध्यक्ष जवां, नुसरत जहां, राकेश कुमार शर्मा अध्यक्ष गोंडा, विमल वार्ष्णेय, सत्येंद्र सिंह, नितिन कुमार वर्मा, सुषमा कुमारी, विदुषी पंचोली, रुपेश कुमारी, प्रीतिगुप्ता, भगवती प्रसाद, श्यामबाबू, पिंकू, कृष्णकांत, शफीउल्लाह मंत्री बिजौली, अनुज कुमार अध्यक्ष धनीपुर, मोहम्मद जाहिद, राजेश कुमार, दिनेश शर्मा, गौरव शर्मा, रोनेद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, लखन सिंह आदि उपस्थित थे।

### हनुमान मंदिर में शराबी युवक ने की तोड़फोड़, स्थानीय लोगों ने पीट-पीट कर किया पुलिस के हवाले

**अलीगढ़ (यूएनएस)।** बन्नादेवी थाना क्षेत्र के रघुवीर पुरी में गुरुवार देर रात एक अराजक तत्व ने जमकर हंगामा किया। वह शराब के नशे में बजरंग बली के मंदिर में घुस गया और उपद्रव करने लगा। आरोप है कि पहले उसने मंदिर का चढ़ावा फेंका और फिर दानपात्र तोड़ने लगा। जब आस-पास के लोगों ने आरोपी को ऐसा करते देखा तो उसे पकड़ लिया। पहले तो शराबी लोगों से भिड़ गया। जिसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी और पुलिस को सूचना दी। लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। जिसके बाद लोग शांत हुए। लोगों ने पुलिस को बताया कि आरोपी आकर पहले मंदिर के पास बैठ गया। काफी देर तक उसकी गतिविधियां संदिग्ध नजर आती रही। लेकिन पहले लोग उसे नजर अंदाज करते रहे। इसके बाद उसने सामान फेंका और ईंट मारकर दानपात्र तोड़ने लगा। जब लोगों ने उसे ऐसा करते देखा तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने उसे पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को लोगों से छुड़ाया और पकड़कर थाने ले आई। जिसके बाद रात में आरोपी का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। इंस्पेक्टर बन्ना देवी प्रदीप कुमार ने बताया कि लोगों की सूचना पर तत्काल आरोपी को हिरासत में ले लिया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने शराब पी रखी थी, जिसके चलते उसे रात में हवालात में रखा गया। उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी मजदूरी करने वाला व्यक्ति है ।

### पति सहित तीन ससुरालियों पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट

**उरई/जालौन (यूएनएस)।** आटा थाना क्षेत्र निवासी आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध हालत में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत तीन ससुरालियों पर गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की। एट थाना क्षेत्र के ईगुई कलां गांव निवासी दौलत सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती आठ दिसंबर को उसकी आठ माह की गर्भवती बहन अर्चना को चमारी गांव निवासी पति शैलेंद्र, ससुर प्रागीलाल, सास हीरावती ने मारपीट कर हत्या कर दी। बताया कि लगभग 18 माह पहले उसने शैलेंद्र से बहन की शादी की थी। आठ दिसंबर को मारपीट की थी। इसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। मायके पक्ष ने कार्रवाई के लिए हंगामा और प्रदर्शन किया था।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान दिवस के रूप में मनाएगी सपा, सपा सुप्रीमो ने दिया निर्देश

**समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए किसानों के मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोले**

**लखनऊ(यूएनएस)।** 23 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के 120 वें जन्मदिन के मौके पर समाजवादी पार्टी प्रदेश भर में किसान दिवस मनाएगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए किसानों के मुद्दे पर बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। सपा सुप्रीमो ने सभी पार्टी पदाधिकारियों को सभी जिलों के कार्यालय में किसान दिवस मनाने का निर्देश दिया है। आपको बता दे कि पूर्व प्रधानमंत्री व देश के किसान नेता चौधरी चरण सिंह की 23 दिसंबर 120 वीं जन्म जयंती है। चौधरी चरण सिंह को देश में किसान नेता के रूप में जाना जाता है। इसी कारण से सपा सुप्रीमो ने इस दिन को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। सपा कार्यालय से दिए गए निर्देश में कहा गया है कि इस दिन उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में स्थित पार्टी कार्यालय में सपा नेता व पदाधिकारी किसान दिवस का आयोजन करें। इस आयोजन के माध्यम से सपा भारतीय राजनीति में चौधरी चरण सिंह के योगदान पर चर्चा कर नई पीढ़ी को अवगत कराएगी। समाजवादी पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस को किसान दिवस के रूप में मना कर एक तीर से दो निशाना लगाना चाहती है। एक तरफसपा जहां चौधरी चरण सिंह का सम्मान कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों के बीच अपनी पैठ बनाना चाहती है। वहीं दूसरी तरफ 2024 के चुनाव के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खुद को मजबूत करना चाहती है। आपको बता दे कि सपा प्रमुख भाजपा को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते और यह कार्यक्रम भी उनके इसी रणनीति का हिस्सा है।

**न्यूनतम इनवेसिव एंडोवस्कुलर लेजर एब्लेशन प्रक्रिया करके उन्हें पैरों में उत्पन्न टेढ़ी-मेढ़ी नसों की तकलीफसे निजात दिलाई**

## जेएनएमसी में डॉक्टरों द्वारा की गई दुर्लभ सर्जरी ने नसों की समस्या से निजात दिलाई

**अलीगढ़(यूएनएस)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने पैरों में सूजन से पीड़ित पांच मरीजों पर न्यूनतम इनवेसिव एंडोवस्कुलर लेजर एब्लेशन प्रक्रिया करके उन्हें पैरों में उत्पन्न टेढ़ी-मेढ़ी नसों की तकलीफ से निजात दिलाई जिसके उपचार के लिए वे मलहम और अन्य घरेलू उपचार करके थक चुके थे और जो उनकी जीवन शैली को प्रभावित कर रही थी। वैरिकाज नसों को बंद करने, उचित रक्त परिसंचरण को बहाल करने और कुछ हफ्तों के दौरान मुड़ी हुई, उभरी हुई नसों को ठीक करने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक थी। जेएनएमसी के कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग द्वारा आयोजित और वैस्कुलर सर्जरी, बीएलके-मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के निदेशक डॉ सुहैल नसीम बुखारी द्वारा संचालित एक संवहनी कार्यशाला में अततः मरीजों की सफल ईवीएलए प्रक्रिया की गयी और स्वस्थ होने के तुरंत बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

डॉ. सुहैल बुखारी, जिन्होंने प्रोफेसर मोहम्मद आजम हसीन (अध्यक्ष, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग), डॉ. शमायल रब्बानी, डॉ. मोहम्मद गजनफर, डॉ. सैफ अलीम और डॉ. नदीम रजा (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) के साथ सर्जरी की, ने कहा कि ईवीएलए वैरिकाज नसें जो समय पर इलाज न करने पर रक्त को पीछे की ओर प्रवाहित करती हैं, को कम करने के लिए लेजर से गर्मी का उपयोग करता है। वह कार्यशाला में ईवीएलए सर्जरी के बाद 'वैस्कुलर सर्जरी में नई तकनीक' पर व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि न्यूनतम इनवेसिव तकनीक सर्जिकल प्रगति में सबसे आगे रही है, और एंडोवास्कुलर प्रौद्योगिकियों के विकास ने भविष्य के नवाचार के फोकस में एक आदर्श बदलाव देखा है। नई तकनीकें लक्ष्य नेविगेशन और उपचार के अधिक नियंत्रण, स्थिरता और सटीकता को सक्षम करके पारंपरिक एंडोवस्कुलर तकनीकों से जुड़ी कई चुनौतियों को दूर करने में मदद करेंगी, साथ ही साथ ऑपरेटर लर्निंग कर्व्स को कम करेंगी और सुरक्षा में सुधार करेंगी। उन्होंने सर गंगा राम, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स और मैक्स ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स में वैस्कुलर और एंडो वैस्कुलर सर्जन के रूप में अपने दो दशकों के अनुभव के बारे में भी बताया। एएमयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर तारिक मंसूर ने कहा कि वैरिकाज वेन्स के कारण बार-बार ठीक न होने वाले घाव हो सकते हैं और वेन्स से ब्लीडिंग हो सकती है जो आघात पहुँचने पर या अनायास टूट सकती है। लोग ऑपरेशन से डरकर इलाज नहीं कराते हैं। जबकि पारंपरिक उपचार दर्दनाक हो सकते हैं और अपेक्षाकृत लंबे समय की आवश्यकता होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रसंघ चुनाव कराने को लेकर छात्रों ने दिया धरना

**लखनऊ (यूएनएस)।** लखनऊ के श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज (केकेसी) में छात्रसंघ चुनाव तिथि घोषित करने के लिए धरना प्रदर्शन दिया गया। केकेसी महाविद्यालय के छात्रों का कहना है कि विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल में छात्रसंघ चुनाव के मुद्दे पर पूछे गए सवाल में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय द्वारा बयान दिया गया था। छात्र संघ चुनाव पर कोई रोक नहीं है। जब विश्वविद्यालय व महाविद्यालय प्रशासन चाहे चुनाव करवा सकता है। लिंगदोह समिति के अनुसार और उन्होंने बताया कि उन्होंने दो-तीन बार इसके लिए पत्र भेजे हैं , चुनाव पर कोई रोक नहीं है। उसके बावजूद केकेसी महाविद्यालय लखनऊ में छात्रसंघ चुनाव की तिथि जारी नहीं की गई। जिस पर केकेसी के छात्र नेता अभय सिंह ने महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मीता साह को ज्ञापन सौंपा।

### मिशन साहसी के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**लखनऊ (यूएनएस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लखनऊ जिले में मिशन साहसी अभियान शुरूआत की गई हैं। जिसके अंतर्गत दयानंद बालिका इंटर कॉलेज व बीरेंद्र स्वरूप इंटर कालेज में छात्र छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण कराया गया। जिसमे उनको अपातकाल की स्तिथि में कैसे निकलना है। इसकी जानकारी व प्रशिक्षित किया गया । इस अवसर पर सलोनी शुक्ला, अतिशय जैन, किशन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निकाय चुनाव की निगरानी टीम व उडन दस्ते गठित

**बांदा(यूएनएस)।** हाईकोर्ट ने नगर निकाय के आरक्षण पर फिलहाल रोक लगा दी है, लेकिन जिला प्रशासन अधिसूचना जारी होने के पूर्व ही चुनाव कराने की पूरी तैयारियों में जुटा हुआ है। निर्वाचन अधिकारियों को नामित करने के बाद अब निगरानी टीम व व उड़नदस्ते गठित किए हैं। जो चौबीस घंटे मुस्तैद रहेंगे।बांदा नगर पालिका क्षेत्र में अवर अभियंता कुलदीप, रमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह, गोपाल गुप्ता, विवेक पटेल, भूपेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सुनील कुमार, शुभम गुप्ता, पुष्पेंद्र कुमार, चंदन कुमार, मान सिंह, अजय कुमार, सौरभ शुक्ला, उप क्रीड़ाधिकारी शैलेंद्र कुमार को जिम्मेदारी दी है। नगर पालिका अतर्रा में अवर अभियंता सत्य प्रकाश, अवधेश कुमार, दिनेश कुमार, रामरक्ष पाल, भोला प्रसाद, कमलेश कुमार की अध्यक्षता में टीमें गठित की गई हैं। नगर पंचायत मटौंध में अवर अभियंता जगमोहन सिंह, जगपाल, अमित कुमार, कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार, सुशील कुमार हैं। तिंदवारी में राजेंद्र कुमार, अजय कुमार, अशोक कुमार, शिवश्याम, प्रेम प्रकाश, रामबाबू, मनीष वर्मा, अतुल कुमार विश्वकर्मा, अली सज्जाद, दिवाकर जायसवाल, रामभरोसा, संजय कुमार शामिल हैं। बबेरू में जय प्रकाश, जनक सिंह, विकास कुमार, अरविंद कुमार, धीरेंद्र प्रताप, हिमांशु पाठक, बिसंडा में राम अभय, रवींद्र कुमार, मधुर कुमार, सुरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, ओरन में रिपुसूदन, अरूण कुमार, सुनील कुमार, सत्यदेव कुमार, आशीष कुमार, सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में टीमें गठित की गई हैं। जो प्रत्याशियों की नकदी, अवैध शराब, संदेहास्पद वस्तु या वस्त्रों की आवाजाही पर निगरानी रखेंगी। उधर, बांदा नगर पालिका में नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार, धनंज्य कुमार, अतर्रा में नायब तहसीलदार शिवम मौर्या, राजीव यादव, नगर पंचायत मटौध में नायब तहसीलदार मनोज कुमार, तिंदवारी में कमलेश कुमार, बबेरू में अभिनव तिवारी, नरैनी में आशीष शुक्ला, ओरन में राहुल गौरव, बिसंडा में संतोष राम यादव की अध्यक्षता में उड़न दस्ते गठित किए गए हैं। जो मतदाताओं को प्रलोभन, साड़ी, शराब, नकदी देकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले प्रत्याशी व समर्थकों पर नजर रखेंगे।

### मांस की दुकानों के सैंपल न लेने पर हिन्दू संगठनों ने जताया रोष

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए हिंदू संगठनों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया था। संज्ञान लेकर एसडीएम की ओर से गठित टीम ने बुधवार को मांस की दुकानों का निरीक्षण किया, लेकिन सैंपल नहीं लिया। निरीक्षण को औपचारिक बताते हुए हिंदू संगठनों ने दोबारा जांच कराकर सैंपल लेने की मांग की। कार्रवाई न होने पर धरना देने की बात कही। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय के नेतृत्व में छह दिसंबर को ज्ञापन दिया था। आरोप लगाया था कि नगर में प्रतिबंधित मांस की बिक्री की जा रही है। इस पर टीम का गठन किया गया था। मांस की दुकानों से सैंपल न लेने से टीम असंतुष्ट है। इस दौरान मनोज गुप्ता, लालन ताम्रकार आदि मौजूद रहे।

### बंगों ने युवक को बेरहमी से पीटा,पता नहीं बताने और गाली-गलौज के विरोध पर किया हमला

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** जालौन में पता न बताने पर दबंगों ने युवक व उसकी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट का वीडियो सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिरावटी की है। यहां के रहने वाले संदीप पुत्र वीरेंद्र ने कोंच कोतवाली में शिकायती पत्र दिया। बताया कि वह 15 दिसंबर की शाम को करीब 6 बजे घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी गांव के ही रविंद्र, मनमोहन पुत्र श्रीराम तथा मनमोहन का पुत्र आदेश अपने हाथों में डंडा व कट्टा लेकर उसके घर पर आ गए। आदेश गांव के मंजेश के बारे में गाली-गलौज करते हुए पूछने लगा। मैंने गाली-गलौज का विरोध किया तो दबंगई दिखाते हुए आदेश ने अपने पिता मनमोहन तथा चाचा रविंद्र के साथ मिलकर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसकी पत्नी उपासना बचाने के लिए बाहर आ गई, जो 8 महीने की प्रेग्नेंट है। उसके साथ भी दबंगों ने मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गई। पीड़ित ने बताया कि गांव के अखिलेश पुत्र नाथूराम ने उसे बचाया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उक्त लोग पहले भी कई बार गांव के लोगों से मारपीट कर चुके हैं और घर में अवैध हथियार पकड़े जाने पर भी जेल भी जा चुके है। पुलिस ने शिकायत और मारपीट वाले वीडियो के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक ने बताया कि मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। इस मामले के लिए उन्होंने हल्का इंचार्ज को मौके पर भेजा है, जिससे कार्रवाई की जा सके।

### महीने की 8 तारीख को होगा किशोर-किशोरी स्वास्थ्य दिवस

**उरई/जालौन(यूएनएस)।** जनवरी माह से प्रत्येक माह में 8 तारीख को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशोर किशोरी स्वास्थ्य दिवस मनाया जाएगा। इसमें किशोर किशोरी के स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें परामर्श भी दिया जाएगा। यह बात बैठक करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी शहरी स्वास्थ्य डॉ. एसडी चौधरी ने कही। उन्होंने बैठक में मौजूद स्टाफ नर्स और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण काम करने के निर्देश देते हुए बताया कि रोजाना प्लान बनाकर काम करना है। जिससे काम में गुणवत्ता आ सके। कहा कि प्रभारी चिकित्साधिकारी रोजाना ओपीडी के साथ आशा, एएनएम के काम की समीक्षा भी करें, ताकि काम में सुधार हो सके। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम डॉ. प्रेम प्रताप सिंह ने कहा कि टीम भावना से काम करें। डाटा फीडिंग के काम में किसी तरह की लापरवाही न बरती जाए। व्यवस्थाओं में सुधार के लिए हम सबको मिलकर काम करना है। जिला समन्वयक शहरी स्वास्थ्य संजीव कुमार चंदेरिया ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद सेवाओं के बारे में सबको जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए डैशबोर्ड बनाकर उपलब्ध सेवाओं और उपलब्धियों के बारे में भी बताया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह हेल्थ मैनेजमेंट इनफोरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर काम की समीक्षा की जा रही है। इसलिए जो काम करें, वह दिखाना भी होगा। डाटा भरते समय सावधानी भी बरतें।

# सऊदी अरब के साथ शांति समझौते से फिलिस्तीनियों के साथ संघर्ष का समाधान होगा: नेतन्याहू

## वर्ष 2020 के अब्राहम समझौते में हुई प्रगति का विस्तार करना होगा

एजेंसी

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री (नामित) बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि सऊदी अरब और इज़राइल के बीच एक शांति समझौते से इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष का समाधान होगा। 'डान' समाचार पत्र ने श्री नेतन्याहू द्वारा सऊदी दैनिक 'अल अरबिया' को दिये गये साक्षात्कार के हवाले से यह बात कही। श्री नेतन्याहू ने सुझाव दिया कि फिलिस्तीनी नेताओं के साथ सीधे बातचीत करने की तुलना में वर्ष 2020 के अब्राहम समझौते में हुई प्रगति का विस्तार करना होगा और यह इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन तथा अन्य अरब राज्यों के लिए शांति का एक अधिक प्रभावी मार्ग होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि फिलिस्तीन के नेता



इजरायल को मान्यता देने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि सऊदी अरब के साथ शांति दो उद्देश्यों की पूर्ति करेगी- यह इजरायल और अरब दुनिया के बीच एक समग्र शांति के लिए एक लंबी छलांग होगी, यह हमारे क्षेत्र को उन तरीकों से बदल देगी जो अकल्पनीय है।

उन्होंने कहा,÷मुझे लगता है कि यह अंततः, एक फिलिस्तीनी-इजरायल शांति की सुविधा प्रदान करेगा। मुझे उस पर विश्वास है। मैं इसे आगे बढ़ाने का इरादा रखता हूं। ÷ श्री नेतन्याहू ने शांति स्थापित करने में विफल रहने के लिए फिलिस्तीनी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, ÷ रियाद के साथ शांति हासिल करना 'सऊदी अरब के नेतृत्व' पर निर्भर है। अरब-इजरायल शांति प्राप्त करने के लिए सऊदी अरब ने वर्ष 2002 में 'अरब शांति पहल 'की अगुवाई की थी,इस प्रस्ताव के तहत अगर इजरायल अरब क्षेत्रों के सभी कब्जे को उलटने के लिए सहमत हो गया होता। इस पहल के बारे में पूछे जाने और क्या वह इसे एक ब्लूप्रिंट के रूप में मानने के लिए तैयार है ,श्री नेतन्याहू ने इसकी निर्धारित शर्तों को पूरा करने पर टिप्पणी करने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि,÷संघर्ष को हर तरह से समाप्त करने की इच्छा का एक संकेत था, लेकिन मुझे लगता है कि 20 साल बाद हमें एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सऊदी अरब ,फ़िलिस्तीन के सबसे बड़े समर्थकों में से एक रहा है और उसने बार-बार कहा है कि इज़राइल के साथ रिश्तों को सामान्य बनाने से पहले उसे एक राज्य के रुप में देखने की ज़रूरत है।

## यूरोपीय संघ बोस्निया और हर्जेगोविना को दिया उम्मीदवार का दर्जा

**साराजेवो।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से बोस्निया और हर्जेगोविना (बीआईएच) को उम्मीदवार देश का दर्जा देने के लिए यूरोपीय आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने गुरुवार को ट्विटर पर कहा कि यह कदम ÷लोगों को एक मजबूत संकेत देता है, लेकिन नए अधिकारियों से सुधारों को पूरा करने की स्पष्ट अपेक्षा भी है। बीआईएच ने फरवरी 2016 में ईयू के लिए आवेदन किया था। इसके बाद, यूरोपीय आयोग ने अक्टूबर 2022 में बीआईएच को देश कानून के शासन को मजबूत करने के लिए कदम उठाए, भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, प्रवासन प्रबंधन और मौलिक मानवाधिकार स्थापना जैसी शर्तों के साथ उम्मीदवारी का दर्जा देने की सिफारिश की। यूक्रेन में संघर्ष से पहले, बीएचएच के लिए उम्मीदवारी की स्थिति के लिए 14 मानदंड थे। हालाँकि, यूरोपीय संघ द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा को उम्मीदवारी का दर्जा दिए जाने के बाद प्रक्रिया तेज हो गई थी। बीएचएच अब यूरोपीय संघ का सदस्य राज्य बनने की प्रक्रिया पर यूरोपीय संघ के साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है।

## मलेशिया: भूस्खलन में 13 लोगों की मौत, कई फंसे

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सेलांगोर राज्य में शुक्रवार को भूस्खलन में तेरह लोगों की मौत हो गयी और कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं जिन्हें सुरक्षित बाहर निकानले के लिए बचाव एवं राहत दल युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। इस बीच ने 60 लोगों को बचा लिया गया। प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि वह आज मौके का दौरा करेंगे। श्री इब्राहिम ने सभी संबंधित सरकारी निकायों को व्यापक स्तर पर तलाशी अभियान और बचाव कार्य जारी रखने का आदेश दिया है। मलेशियाई राष्ट्रीय समाचार एजेंसी 'बरनामा' के अनुसार स्थानीय समयानुसार शुक्रवार देर रात करीब दो बजे हुए भूस्खलन में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी और कई लोग फंस गये। स्थानीय मीडिया ने विभाग प्रमुख नोराज़म खमीस के हवाले से बताया कि क्षेत्र में एक लोकप्रिय कैंपिंग स्थल पर भूस्खलन हुआ। स्थानीय समयानुसार 2ः24 बजे घटना के संबंध में सूचना प्राप्त करने के बाद,



अग्निशामकों ने लगभग 3ः00 बजे घटनास्थल पर पहुंचना शुरू किया। श्री नोराज़म ने कहा कि 60 लोगों को बचा लिया गया है, और शेष लोगों के लिए खोज और बचाव के प्रयास चल रहे हैं। माना जाता है कि वे अभी भी क्षेत्र में फंसे हुए हैं। कम से कम 12 टीमें जीवित बचे लोगों की तलाश कर रही हैं। इससे पहले अनुमान लगाया गया था कि करीब 100 लोग मलबे में दबे हो सकते हैं। समाचार एजेंसी के अनुसार वर्तमान में, के -9 ट्रैकर डॉग यूनिट, सेंटोसा, अम्पांग, पांडन, कोटा आंगरिक, कजांग दान अंडालस फायर एंड रेस्क्यू स्टेशनों से आपातकालीन चिकित्सा बचाव सेवा, और विशेष सामरिक अभियान और बचाव अभियान की सहायता से खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

## अमेरिका ने विरोध प्रदर्शनों को दबाने सैनिकों की तैनाती का आदेश दिया: कैस्टिलो

एजेंसी

**लीमा।** दक्षिण अमेरिकी देश पेरू के पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो ने कहा है कि अधिकारियों ने गवर्नमेंट पैलेस में अमेरिकी राजदूत की यात्रा के बाद विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए सड़कों पर सैनिकों को तैनात किया है क्योंकि वाशिंगटन देश की खनन परियोजनाओं में मुनाफा कमा रहा है। गत सात दिसंबर को महाभियोग के जरिये राष्ट्रपति पद से हटाये गये श्री कैस्टिलो ने कहा,÷हमवतन, ध्यान दें! गवर्नमेंट पैलेस में अमेरिकी राजदूत की यात्रा न तो मुफ्त में थी और न ही देश के पक्ष में। बैठक में, सैनिकों को सड़कों पर ले जाने और मेरे रक्षाहीन लोगों का नरसंहार करने का आदेश दिया गया था। बीच में अन्य चीजें, मसलन कोंगा, ताई मारिया और अन्य खानों से खनिजों के निष्कर्षण का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा था।



श्री कैस्टिलो ने अपने ट्विटर पर प्रकाशित एक हाथ से लिखे नोट में कहा,÷पेरू का मीडिया न केवल इस बारे में चुप रहेगा बल्कि आसानी से इसका खंडन भी करेगा।

गौरतलब है कि सात दिसंबर को पेरू की संसद ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो पर महाभियोग लगाया। प्रधान मंत्री दीना बोलुआर्टे ने महाभियोग मतदान के दो घंटे के भीतर देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। साथ ही जुलाई 2026 तक श्री कैस्टिलो के बाकी कार्यकाल की सेवा करने की कसम खाई। श्री कैस्टिलो ने मतदान से पहले संसद को भंग करने की कोशिश की थी। इससे पहले ही श्री कैस्टिलो को गिरफ्तार कर लिया गया था। महाभियोग प्रक्रिया और पेरू के अभियोजक के कार्यालय ने तख्तापलट के प्रयास तथा देश के खिलाफ अपराधों के आरोप में उसके खिलाफ एक आपराधिक मामला शुरू किया। इन घटनाओं ने पूरे देश में विरोध की लहर छेड़ दी है। प्रदर्शनकारियों ने महाभियोग के बाद की सरकार की निंदा की और तत्काल राष्ट्रपति चुनाव तथा देश की संसद को समाप्त करने का आह्वान किया। बुधवार को सर्वोच्च अभियोजक उरीएल टेरान के अनुरोध के बाद, गुरुवार को पेरू के सुप्रीम कोर्ट ने 18 महीने के लिए कैस्टिलो के सुनवाई पूर्व हिरासत को मंजूरी दे दी।

## पुजारा-गिल के शतक, भारत ने बांग्लादेश को दिया 513 का लक्ष्य

एजेंसी

**चटगांव।** गेंदबाजों के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश की पहली पारी को महज 150 रनों पर समेटने के बाद भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में दो विकेट पर 258 रन बना कर मेजबान टीम को जीत के लिये 513 रन का लक्ष्य दिया। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाये थे। इस लिहाज से उसने मेजबान टीम के खिलाफ 254 रन की लीड हासिल की। दूसरी पारी में 258 को मिला कर भारत के पास कुल लीड 512 रन की हो गयी है। जवाब में बांग्लादेश ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने के समय बगैर विकेट खोये 42 रन बना लिये थे। बांग्लादेश को जीत के लिये अभी भी 471 रन बनाने है जबकि भारत का लक्ष्य बांग्लादेश के दस विकेट होंगे। दोनो ही टीमो के पास अगले दो दिन का भरपूर समय है, इससे मैच का



नतीजा निकलना लगभग तय है।

आज के खेल का मुख्य आकर्षण पंजाब के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल का पहला टेस्ट शतक था जिसे उन्होने अपने नैसर्गिक खेल का प्रदर्शन करते हुये 152 गेंदो में दस चौके और तीन छक्कों की मदद से शतक पूरा किया। दूसरे छोर पर टेस्ट क्रिकेट के अनुभवी चेतेश्वर पुजारा (102 नाबाद) ने अपने स्वाभाव के विपरीत तेज गति से खेलते हुये अपने टेस्ट करियर का 19वां शतक जड़ा। उनका यह शतक 1443 दिनो के लंबे इंतजार के बाद आया है। पुजारा पहली पारी में शतक से चूक गये थे और 90 रन बनाये थे। अपनी शतकीय पारी में उन्होने 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। पुजारा का शतक पूरा होने के बाद भारत के कप्तान के एल राहुल ने पारी समाप्ति की घोषणा कर दी और पहली पारी में मिली लीड को मिलाकर बांग्लादेश के सामने 513 रन का विजयी लक्ष्य रख कर मैच में रोमांच ला दिया।

इससे पहले बांग्लादेश ने आठ विकेट पर 133 रन से आगे खेलते हुये पहली पारी में 17 रन और जोड़े। कानपुर के कुलदीप यादव ने आज एबादत हुसैन को ढेर कर विकेट का पंजा पूरा किया। हालांकि दूसरी पारी में बांग्लादेश ने संभल कर खेलना शुरू किया। नजमुल हुसैन (25 नाबाद) और जाकिर हसन (17 नाबाद) ने खेल के अंतिम सत्र मे भारतीय गेंदबाजो को विकेट लेने का कोई मौका नहीं दिया।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आस्ट्रेलिया ने की टीम की घोषणा

**ब्रिसबेन।** आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार से ब्रिसबेन में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है। मांसपेशियों के खिंचाव के कारण टीम से बाहर हुये पेट कमिंस ने चोट से उबरने के बाद टीम की कमान फिर से अपने हाथ में ले ली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ पर्थ में खेले गये पहले टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज को चोट लगी थी जिसके बाद वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। उनके स्थान पर स्टीव स्मिथ ने दूसरे टेस्ट में टीम का नेतृत्व किया था।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करने वाले माइकल नीसर को कमिंस के आने के बाद अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ा है वहीं स्कॉट बोलैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में जगह दी गयी है। इसके अलावा डेविड वॉर्नर, मार्नस लैबुशेन, ट्रैविस हेड और कैमरन ग्रीन को भी टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट सीरीज़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया (संभावित अंकों का 75 प्रतिशत) और दक्षिण अफ्रीका (संभावित अंकों का 60 प्रतिशत) स्टैंडिंग पर पहले और दूसरे स्थान पर है। दोनो टीमो के बीच सीरीज का पहला मैच शनिवार को



गाबा के मैदान पर खेला जायेगा जबकि दूसरा टेस्ट मेलबर्न में 26 दिसम्बर से और तीसरा एवं अंतिम टेस्ट सिडनी में चार से आठ जनवरी के बीच खेला जाना है।

टीमे इस प्रकार हैं- ऑस्ट्रेलिया ः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, मार्कस हैरिस, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मारनस लाबुस्चगने, लांस मॉरिस, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, डेविड वार्नर।

**दक्षिण अफ्रीका।** डीन एल्गर (कप्तान), टेम्बा बावुमा, गेराल्ड कोएत्ज़ी, थ्यूनिस डी ब्रुइन, सारेल एरवी, साइमन हार्मर, मार्को जानसन, केशव महाराज, हेनरिक क्लासेन, लुंगी एनगिडी, एनरिच नोर्ट्जे, कागिसो रबाडा, रासी वैन डेर डूसन, काइल वेरिनेन, लिज़ाद विलियम्स, खाया ज़ोंडो।

## ब्याज की ऊंची दरों से शेयर बाजार धड़ाम

**मुंबई ।** दुनिया भर में ब्याज की दरें ऊंची रहने से सहमे निवेशकों की बिकवाली से वैश्विक बाजार के एक माह के निचले स्तर तक गिरने के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन भी गिरकर बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 461.22 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत लुढ़ककर 61337.81 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 145.90 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर 18269 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हुई,



जिससे मिडकैप 1.44 प्रतिशत टूटकर 25,739.21 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत उतरकर 29,516.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3662 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2120 में बिकवाली जबकि 1414 में लिवाली हुई वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 45 कंपनियां लाल जबकि शेष पांच हरे निशान पर रही। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दरों में बढ़ोतरी के ठीक एक दिन बाद यूरो क्षेत्र, ब्रिटेन, स्विटज़रलैंड, डेनमार्क, नॉर्वे, मैक्सिको और ताइवान के केंद्रीय बैंक ने भी महंगाई पर लगाम लगाने का हवाला देते हुए गुरुवार को ब्याज दरें बढ़ा दी। इससे दुनिया के शेयर बाजार आज एक महीने के निचले स्तर तक गिर गए। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.54, जर्मनी का डैक्स 0.70, जापान का निक्केई 1.87 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.02 प्रतिशत टूट गया जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.42 प्रतिशत की बढ़त रही। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। इससे बीएसई के सभी 20 समूह बिकवाली की भेंट चढ़ गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.98, सीडी 1.36, ऊर्जा 0.67, वित्तीय सेवाएं 0.70, हेल्थकेयर 1.33, इंडस्ट्रियल्स 1.32, आईटी 1.24, दूरसंचार 0.63, यूटिलिटीज 0.83, ऑटो 1.13, बैंकिंग 0.68, कैपिटल गुड्स 1.26, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.91, धातु 0.64, तेल एवं गैस 0.80, पावर 1.08, रियल्टी 1.57, टेक 1.25 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.70 प्रतिशत गिर गए।

# देश-विदेश डायरी

## एलन मस्क ने जीवन के जोखिम पर भी स्वतंत्र भाषण के लिए जतायी प्रतिबद्ध

**कैलिफोर्निया।** एलन मस्क ने ट्वीट किया कि वह स्वतंत्र भाषण के लिए इतने 'प्रतिबद्ध' हैं कि वह अपने निजी विमान को ट्रैक करने वाले एटएलनजेट नामक खाते पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे, भले ही यह 'प्रत्यक्ष व्यक्तिगत सुरक्षा जोखिम' हो। श्री मस्क की ओर से किये गये उस वादे को न केवल विश्वविद्यालय के छात्र जैक स्वीनी के ट्विटर खाते पर प्रतिबंध लगाने के साथ तोड़ दिया गया है, जो अपने ट्विटर खाते के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध ट्रैकिंग जानकारी का उपयोग कर रहा था। उन्होंने घोषणा की है कि वह अपने परिवार को नुकसान पहुंचाने के लिए स्वीनी और 'समर्थित संगठनों' के खिलाफ 'कानूनी कार्रवाई' भी कर रहे हैं। श्री मस्क किस बात का जिक्र कर रहे हैं और किस बात ने उन्हें ट्विटर से स्वीनी पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रेरित किया, एक शिकारी से जुड़ी एक घटना है जिसने अपने बच्चे को ले जाने वाली कार का पीछा किया जिसे वह संगीत कलाकार ग्रिम्स के साथ साझा करता है। श्री मस्क का दावा है कि शिकारी ने कार को आगे बढ़ने से रोक दिया और फिर उसके हुड पर कूद गया। श्री मस्क स्पष्ट रूप से एक अलग व्यक्ति के कार्यों के लिए स्वीनी को दोषी ठहराते हैं और इस घटना को 20 वर्षीय खाते पर प्रतिबंध लगाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल किया है।

## फ्रांस में आग लगने से 10 लोगों की मौत, 14 झुलसे

**पेरिस।** पूर्वी फ्रांस के ल्योन के उपनगर वाउलक्स-एन-वेलिन में शुक्रवार तड़के एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य झुलस गये। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।औवेर्गने-रोन-आल्प्स क्षेत्र के प्रीफेक्चर ने ट्विटर पर कहा,÷प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार पांच बच्चों सहित 10 लोगों की मौत हो गयी। पीड़ितों में से चार की हालत गंभीर है और 10 अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं।÷ घायलों में दो दमकलकर्मी भी शामिल हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजकर 12 मिनट पर हुई। घटनास्थल पर 170 दमकलकर्मी और 65 वाहन बचाव और राहत कार्यों के लिए भेजे गए। बताया जा रहा है कि दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है। आग लगने का कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## यूरोपीय संघ बोस्निया और हर्जेगोविना को दिया उम्मीदवार का दर्जा

**साराजेवो।** यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से बोस्निया और हर्जेगोविना (बीआईएच) को उम्मीदवार देश का दर्जा देने के लिए यूरोपीय आयोग की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है।यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने गुरुवार को ट्विटर पर कहा कि यह कदम ÷लोगों को एक मजबूत संकेत देता है, लेकिन नए अधिकारियों से सुधारों को पूरा करने की स्पष्ट अपेक्षा भी है।बीआईएच ने फरवरी 2016 में ईयू के लिए आवेदन किया था। इसके बाद, यूरोपीय आयोग ने अक्टूबर 2022 में बीआईएच को देश कानून के शासन को मजबूत करने के लिए कदम उठाए, भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, प्रवासन प्रबंधन और मौलिक मानवाधिकार स्थापना जैसी शर्तों के साथ उम्मीदवारी का दर्जा देने की सिफारिश की। यूक्रेन में संघर्ष से पहले, बीएचएच के लिए उम्मीदवारी की स्थिति के लिए 14 मानदंड थे। हालाँकि, यूरोपीय संघ द्वारा यूक्रेन और मोल्दोवा को उम्मीदवारी का दर्जा दिए जाने के बाद प्रक्रिया तेज हो गई थी। बीएचएच अब यूरोपीय संघ का सदस्य राज्य बनने की प्रक्रिया पर यूरोपीय संघ के साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है।

## पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे रेहान

कराची 16 दिसम्बर (वार्ता) पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा दौरे के अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड ने 18 साल के रेहान अहमद को पदार्पण का मौका दिया है। महज 18 साल 126 दिन के रेहान इंग्लैंड की टेस्ट टीम के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनेंगे। लेग स्पिनर रेहान को विल जैक्स के स्थान पर टीम में स्थान मिला है। इससे पहले रेहान ने अंडर-19 विश्वकप में शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा था। उन्होने महज चार मैचों में 12.58 के औसत से 12 विकेट चटकाये थे। वह विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज थे। पाकिस्तान के खिलाफ मेहमान इंग्लैंड 2-0 से श्रृखंला में विजयी बढ़त ले चुका है। इंग्लैंड ने तीसरे और आखिरी टेस्ट के लिये टीम में एक और परिवर्तन किया है। टीम में जिमी एंडरसन के स्थान पर बेन फोक्स को जगह दी गयी है।

## पाकिस्तानी के अजहर अली ने की टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा

**कराची।** पाकिस्तान के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में से एक और पूर्व कप्तान अजहर अली ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। अजहर ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ''शीर्ष स्तर पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिये सम्मानजनक रहा है। संन्यास का फैसला करना हमेशा ही कठिन होता है लेकिन गहराई से विचार करने के बाद मैंने महसूस किया कि यह मेरे लिये टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने का सही समय है। अजहर ने अभी तक 96 टेस्ट में 42.49 के औसत से 7097 रन बनाये हैं। 12 साल के लम्बे करियर में उन्होंने 19 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर वेस्टइंडीज के खिलाफ दिन-रात्रि मैच में नाबाद 302 रन था। उनके नाम आठ विकेट भी हैं। उन्होंने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2010 में क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में पदार्पण किया था। कराची में इंग्लैंड के खिलाफ उन्हे अपने टेस्ट रनों में इजाफा करने और अपने टेस्ट करियर को उच्च स्तर पर समाप्त करने का एक और मौका मिलेगा। उन्होंने 2016 और 2020 के बीच नौ मौकों पर टीम की कप्तानी भी की। इसके अलावा वह पाकिस्तान के लिये 53 वनडे और 49 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेल चुके हैं जिसमें उन्होंने क्रमशः 1895 और 985 रन बनाये हैं। अजहर ने कहा, ÷ ऐसे कई लोग हैं जिनका मैं इस कठिन सफर में साथ देने के लिये आभारी हूं। मैं अपने परिवार का विशेष उल्लेख करना चाहता हूं जिनके त्याग के बिना मैं आज जहां हूं, वहां नहीं होता। मेरे माता-पिता, पत्नी, भाई-बहन और बच्चे हमेशा से मेरी ताकत रहे हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रमीज राजा ने अजहर को बधाई देते हुए कहा, ÷अजहर अली पाकिस्तान क्रिकेट के सबसे प्रतिबद्ध खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। उनका धैर्य और दृढ़ संकल्प कई युवा क्रिकेटरों के लिए प्रेरणा रहा है और वह आने वाले क्रिकेटरों के लिए एक आदर्श हैं।

## यूपी के खिलाफ बंगाल छह विकेट से जीता

**कोलकाता।** चोटिल अनुष्टप मजूमदार (83) और कप्तान मनोज तिवारी (60 नाबाद) के बीच 97 रन की साझेदारी की बदौलत बंगाल ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हरा कर छह अंक अर्जित किये। ईडन गार्डेन पर अनुष्टप ने पहले कौशिक घोष (69) के साथ टीम के लिये 95 रन जोड़े जबकि बाद में कप्तान मनोज तिवारी के साथ शानदार 97 रन की भागीदारी निभा कर अपनी टीम के लिये जीत का मार्ग प्रशस्त किया। रिंकू सिंह की गेंद पर अक्शदीप नाथ के हाथों आउट होने से पहले अनुष्टप 170 गेंद खेल कर दस चौके लगा चुके थे। यूपी की ओर से शिवम मावी ने दो विकेट चटकाये जबकि रिंकू और अंकित राजपूत के खाते में एक एक विकेट आया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के पहले पारी में 198 रन के जवाब में बंगाल की पहली पारी 169 रन पर सिमट गयी थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक विद्यावती दूबे द्वारा बी डी प्रिन्टींग प्रेस गणेशपुर, रहमानपुर निकट रघुनन्दन आशियाना फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ से मुद्रित तथा- C 3/76, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित । मो0 9450615356, फोन नं. 0522- 4102634

# क्या वाकई शाहिद कपूर का सी-फेसिंग बंगला खरीद रहे कार्तिक आर्यन

हालांकि, अभी तक तय नहीं हुआ है फिल्म में वह है या नहीं। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि हेरा फेरी 3 को लेकर मेकर्स कार्तिक के साथ पेपर वर्क कर चुके हैं। इस बीच कार्तिक एक और बात को लेकर चर्चा में आ गए हैं। कहा जा रहा है कि वे शाहिद कपूर (स्द्धड्ढद्धद्वस्र चड्डश्चश्थश्ह) का सी फेसिंग बंगला खरीदने के मूड में है और इसे लेकर उन्होंने शाहिद से मुलाकात कर बातचीत भी की है। बता दें कि कार्तिक फिलहाल अपनी फैमिली के साथ जुहू में किराए के मकान में रहते हैं।

**शाहिद कपूर का बंगला देखने पहुंचे थे कार्तिक आर्यन**



पिंकविला की रिपोर्ट की मानें तो कार्तिक आर्यन हाल ही में शाहिद कपूर और मीरा राजपूत के सी-फेसिंग डुप्लेक्स का देखने पहुंचे थे। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया कि कार्तिक और उनकी मां के साथ शाहिद के घर गए थे तभी से अटकले लगाई जा रही है कि वह शाहिद का घर खरीदना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक ऑफिशियली कोई जानकारी सामने नहीं आई है। आपको बता दें कि कुछ महीने पहले ही शाहिद वर्ली में दूसरे घर में शिफ्ट हुए हैं और ऐसा लगता है कि यह घर बिक्री के लिए तैयार है। आपको बता दें कि शाहिद कपूर के दो बच्चे हैं और वह अपने बच्चों की प्राइवेसी और सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए नए घर में शिफ्ट हुए हैं। इस घर के डेक से समुद्र तट देखा जा सकता है। शाहिद न ` अपने न ए घर की फोटोज भी कुछ महीने पहले अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। कहा जा रहा है कि उन्होंने यह घर पत्नी मीरा राजपूत के साथ मिलकर सजाया है।

बात कार्तिक आर्यन के वर्कफ्रंट की करें तो हाल ही में उनकी फिल्म फ्रेडी ओटीटी पर रिलीज हुई है। वहीं, नए साल में उनकी फिल्म शहजादा रिलीज होगी, जिसमें उनके साथ कृति सेनन लीड रोल में हैं। इसके अलावा वह कियारा आडवाणी के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा की शूटिंग कर रहे हैं। कार्तिक का नाम हेरा फेरी 3 से भी जुड़ा है। अफवाहें थीं कि उन्होंने अक्षय कुमार की जगह ली है लेकिन सुनील शेट्टी ने पुष्टि की कि उन्हें एक अलग रोल दिया गया हैं। कार्तिक आशिकी 3 का भी हिस्सा हैं।

# तमिलनाडु के 70 सिनेमाघरों में नहीं रिलीज हुई 1900 सीआर की फिल्म



शुक्रवार यानी 16 दिसंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई। इसी बीच सामने आ रही एक चौंकाने वाली रिपोर्ट्स की मानें तो भारत के राज्य तमिलनाडु के करीब 70 सिनेमाघरों में हॉलीवुड के डायरेक्टर जैम्स कैमरून की इस फिल्म को रिलीज नहीं किया गया। इस राज्य के लोग पहले ही दिन फिल्म देखने से चूक गए। दरअसल, ऐसा क्यों हुआ ये पंगा भी सामने आया है। सामने आ रही रिपोर्ट्स की मानें तो डिज्नी द्वारा डिस्ट्रीब्यूटर्स से 70त्न रिवेन्यू की हिस्सेदारी की मांगी गई, जिसे देने के लिए वह तैयार नहीं हुए और नतीजा यह हुआ कि फिल्म रिलीज पर ही रोक लगा दी गई। बॉलीवुड हंगामा को डिस्ट्रीब्यूटर्स के सोर्स द्वारा दी गई जानकारी की मानें तो डिज्नी 70 फीसदी हिस्सा मांग रहा था, जो बहुत ज्यादा था। किसी भी हॉलीवुड फिल्म के लिए पहले कभी भी इतनी हिस्सेदारी नहीं दी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो कुछ थिएटर्स सहमत हुए और इसे 65त्न तक लाने में कामयाब रहे। वहीं, सूत्र का कहना है कि हमने राजस्व का 60त्न शेयर देने ऑफर दिया, लेकिन डिज्नी 70त्न से कम पर मानने को तैयार नहीं हुआ। ये प्रतिशत हमारे लिए काफी ज्यादा है और यह प्रैक्टिकली संभव नहीं है। सूत्र ने आगे बताया कि तमिलनाडु में लगभग 300 स्क्रीन अवतारः द वे ऑफ वॉटर दिखाई जा रही है, लेकिन लगभग 70 थिएटर डिज्नी को हिस्सेदारी देने के लिए तैयार नहीं हुए, इसलिए इन सिनेमाघरों में फिल्म रिलीज नहीं की गई।

सूत्र ने आगे बताया कि सिर्फ सिंगल स्क्रीन और दो स्क्रीन वाले थिएटर ही नहीं, यहां तक ??कि मल्टीप्लेक्स भी इन शर्तों को मान गए हैं। इससे उन 70 थिएटरों के लिए मुश्किल हो गई है। स्टूडियो ने तर्क दिया कि जब 300 से अधिक थिएटर शर्तों पर सहमत हो गए हैं, तो बाकी थिएटर भी क्यों नहीं मान रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म अवतार 2 को पहले ही दिन सिनेमाघरों में अच्छा खास रिस्पॉन्स मिला। सोशल मीडिया पर फैन्स ने सिनेमाघरों से वीडियो क्लिप शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। कईयों ने पहले ही ब्लॉकबस्टर बता दिया।

# प्रेग्नेंसी के दौरान हो गई थी पति चिरंजीवी की मौत, लोगों के ताने सुनकर हंसने से डरती थीं मेघना



मेघना राज साउथ इंडस्ट्री की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। फिल्मों से जितनी सुर्खियां उन्होंने बटोरी हैं, उतना ही दर्द उन्हें असल जिंदगी में झेलना प?ा है। अभिनेत्री ने अपने जिंदगी से जु? मुश्किल दिनों की यादें साझा की हैं। दरअसल, मेघना और चिरंजीवी सरजा ने एक-दूसरे को 10 साल तक डेट करने के बाद 2018 में शादी की थी। शादी के दो साल बाद ही चिरंजीवी ने अपनी पत्नी मेघना का साथ छो? इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। मेघना ने बताया कि पति की मौत के बाद वे बिलकुल अकेली हो गई थीं। लोगों से बात करने और हंसने से भी डरने लगी थीं।

चिरंजीवी की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। मेघना ने इंटरव्यू में बताया कि जब उनके पति की मौत हुई तो उस समय वे प्रेग्नेंट थीं। चिरंजीवी की मौत के बाद उन्हें अकेले ही सब संभालना प?ा। वे उन दिनों अकेले बैठकर रोती थीं। लोग उन्हें ताने देते थे। वह दौर काफी मुश्किल था। मेघना ने कहा, %मैं हंसना भूल गई थीं, क्योंकि अगर मैं हंसती थी तो लोग मुझे जज करते थे। लोग तरह-तरह की बाते बनाते थे कि मैं अपने पति के जाने के बाद भी इतनी खुश कैसे हूं। कई बार मैं हंसना चाहती थी, लेकिन हंस नहीं पाई, क्योंकि मैं डर जाती थी कि लोग क्या सोचेंगे। वो मुझसे पूछेंगे और ताने देंगे कि क्या तुम्हरा दुख खत्म हो गया? उस समय मैं सच में बहुत डर गई थी। मेघना ने कहा, %कई लोग बहुत मतलबी भी मिले थे। उन्होंने दूसरे लोगों से कहा कि मुझसे हमदर्दी न जताए। उस समय मैं सोचती थी कि हां ठीक है, मेरे पास सब कुछ है। मेरा फैमिली बैकग्राउंड अच्छा है। मैं आरामदायक जीवन जीती हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं इंसान नहीं हूं। मेरा रिश्ता झूठा नहीं था। मुझे दर्द नहीं होता है। मुझे समझ नहीं आता है कि लोग कैसे इस तरह के कमेंट्स कर सकते हैं।

# श्रिया सरन ने क्यों छुपाई थी अपनी प्रेग्नेंसी की खबर? बताया किस बात से डरी हुई थीं अभिनेत्री



अभिनेत्री श्रिया सरन इन दिनों अपनी फिल्म दृश्यम 2 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है, इसे दर्शकों की ओर से भी बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है। वहीं, अब श्रिया सरन ने अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़े कई सीक्रेट रिवील किए हैं। अभिनेत्री ने बताया है कि क्यों उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट नहीं की थी? हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है।

श्रिया सरन ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि उन्हें मोटी होना था और किसी बात की फीक्र नहीं करनी थी कि लोग क्या कहेंगे। अभिनेत्री ने कहा, %मुझमें बहुत ज्यादा डर था। मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी के बारे में किसी को न बताने की पीछे की मुख्य वजह यही है कि मैं इस वक्त को पूरी तरह से खुद को देना चाहती थी और छह महीने अपनी बेटी राधा के साथ बिताना चाहती थी। इस दौरान मैं मोटी होना चाहती थी, बिना बात की परवाह किए बगैर कि लिए लोग मेरे बारे में क्या लिखेंगे, मैं बस खुद पर फोकस करना चाहती थी।इसके आगे श्रिया ने प्रेग्नेंसी की बात छुपाने की दूसरी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, %मैं इस बात से डरी हुई थी कि अगर किसी को इस बारे में बताऊंगी तो लोग मुझे काम देने में वक्त लगाएंगे। क्योंकि यह एक विजुअल मीडियम है तो लोग आपको खास तरीके से देखना चाहते हैं। जब मैंने सबको अपनी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया, तब मैं तीन फिल्में साइन कर चुकी थी और राधा भी नौ महीने की हो गई थी। वहीं, मेरा बढ़ा हुई वजन भी कम हो गया था। बता दें कि श्रिया सरन ने 19 मार्च 2018 में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड आंद्रेई कोशेव से शादी की थी। वहीं, उन्होंने साल अक्तूबर में श्रिया सरन ने बताया कि वह और आंद्रेई कोशेव 10 जनवरी 2021 को अपनी बेटी राधा का स्वागत इस दुनिया में कर चुके हैं। वहीं, श्रिया इन दिनों अपनी फिल्म %दृश्यम 2% की सफलता का जश्न मना रही हैं।

# इन विटामिन की कमी से चेहरे पर नजर आते हैं दाग-धब्बे, चमकता चेहरा पाने के लिए डाइट में करें बदलाव



हेल्दी और बेदाग रहित त्वचा पाने के लिए हम इसके ऊपर कुछ ना कुछ लगाते रहते हैं। महंगे क्रीम से लेकर दादी नानी के नुस्खों तक को अमल में लाते हैं।इन सबके बावजूद त्वचा पर कभी-कभी दाग और झाईयां उभर आती हैं। इसके पीछे वजह हैं अंदुरूनी पोषक तत्वों की कमी। कुछ विटामिन की कमी से भी स्किन पर असर पड़ता है। डार्क स्पॉट्स और झाईया निकलने लगते हैं। इन्हें हटाना काफी मुश्किल भरा होता है। ऐसे में जरूरी है कि विटामिन की कमी को शरीर के अंदर पूरा करें। तो चलिए बताते हैं किन-किन विटामिन की कमी से चेहरे की चमक गायब हो जाती है।

**विटामिन सी**

स्किन के लिए विटामिन सी बहुत जरूरी होता है। विटामिन सी जिसे असोर्बिक एसिड भी कहते हैं उसकी कमी से चेहरे पर दाग -धब्बे नजर आने लगते हैं। विटामिन सी में एंटी ऑक्सीडेंट पाया जाता है जो कोलाजन के प्रोडक्शन को ठीक करता है। जिसकी वजह से स्किन संबंधित समस्या दूर हो जाती है। विटामिन सी की कमी को पूरा करने के लिए नींबू, संतरा, आंवला और अमरूद को डाइट में शामिल करें।

**विटामिन डी**

शरीर में विटामिन डी की कमी ना सिर्फ हड्डियों के लिए खराब साबित होता है, बल्कि स्किन पर भी असर दिखता है। डार्क स्पॉट्स और पिग्मेंटेशन विटामिन डी की कमी से होते हैं। इसलिए सुबह की धूप में जरूर 10 से 30 मिनट तक बैठे। इसके अलावा डेयरी प्रोडक्टर, मछली और अंडे को डाइट में शामिल करें।

**विटामिन बी12**

विटामिन बी 12 की कमी से चेहरे पर झाईया निकलने लगती हैं। शरीर के अलग-अलग जगहों पर ब्लैक स्पॉट नजर आने लगते हैं। जिसे हटाना मुश्किल होता है। विटामिनबी 12 की कमी सप्लीमेंट के साथ-साथ दही, दूध, चीज़ और हरी सब्जियों को डाइट में शामिल करके पूरा कर सकते हैं।

**मेलानिन**

मेलानिन अगर शरीर में ज्यादा हो जाए तो चेहरे पर दाग धब्बे उभर आते हैं। इसे दूर करने के लिए विटामिन ई शरीर में जरूरी होती है। चेहरे पर विटामिन ई तेल लगाने से दाग हल्के होने लगते हैं।

# स्पर्म काउंट बढ़ाने से लेकर कैंसर के खतरे तक को कम करता है इस चीज का पानी

हमारे किचन में प्याज लहसुन का इस्तेमाल सबसे ज्यादा होता है। हर सब्जी में स्वाद बढ़ाने के साथ इसके कई औषधीय गुण भी होते हैं। सर्दियों के दिनों में तो वैसे भी लहसुन का इस्तेमाल करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह हमें कई गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। उन्हीं में से एक है मर्दों का स्पर्म काउंट, जिसे बढ़ाने में लहसुन से बनी चाय बेहद फायदेमंद होती है। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि लहसुन की चाय के फायदे क्या होते हैं और इसे बनाने का तरीका...

**लहसुन की चाय कैसे बनाएं**

लहसुन की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक पतीली में गर्म पानी होने के लिए रख दें। फिर पानी में चार से पांच कुचली हुई लहसुन की कली डालें और इसे पकने दें। आधा रह जाने तक पानी को अच्छी तरह से उबाल लें। फिर इस पानी को छान लें और इसका सेवन करें।

**लहसुन का गर्म पानी पीने के फायदे**

**कैंसर के खतरे को कम करें**

लहसुन का पानी पीने से आपको कई तरह के फायदे हो सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, लहसुन में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिसका सेवन करने से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। अगर आप रोज एक कप लहसुन की कली का पानी पिएंगे, तो भविष्य में कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

**स्पर्म काउंट बढ़ाए**

पबमेड में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार लहसुन में ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो स्पर्म काउंट को तेजी से बढ़ाते हैं और पुरुषों में इनफर्टिलिटी की समस्या को कोसों दूर रखते हैं। ऐसे में पुरुषों को रात को सोने से पहले या सुबह उठते से ही लहसुन का गर्म पानी पीना चाहिए।

**पाचन तंत्र दुरुस्त रखें**




खाली पेट रोज सुबह लहसुन के पानी का सेवन करने से पाचन क्रिया तंदुरुस्त रहती है और पाचन संबंधी समस्याएं जैसे- एसिडिटी, पेट दर्द, अपच कोई भी समस्या नहीं होती है।

**सर्दी जुकाम खांसी को दूर रखें**

लहसुन में एंटीमाइक्रोबॉयल और एंटीवायरस गुण पाए जाते हैं। ऐसे में सर्दी के दिनों में लहसुन के पानी का सेवन करने से मौसमी संक्रमण जैसे सर्दी, जुकाम, खांसी, गले का इन्फेक्शन से बचा जा सकता है।

**ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करें**

लहसुन का पानी हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों को आराम पहुंचाता है। यह ब्लड प्रेशर को कम करने का काम करता है। इतना ही नहीं ये हार्ट हेल्थ के लिए भी बहुत उपयोगी माना जाता है और खून को पतला करता है।

# मलाइका अरोड़ा के इन 5 तस्वीरों को देख कर कहेंगे ब्यूटी और ग्लैमर का परफेक्ट कॉम्बो

मलाइका अरोड़ा अपने फैशन चॉइस के लिए जानी जाती हैं. अपनी ब्यूटी, स्टाइल और ग्लैमरस अंदाज से उन्होंने साबित कर दिया है कि वह एक फैशन आइकॉन हैं. साटन गाउन से लेकर मोनोटोन सिल्हूट तक हर ड्रेस में वह बेहद ग्लैमरस दिखती हैं. बढ़ती उम्र के साथ वह और भी खूबसूरत होती जा रही हैं. उनके 49वें जन्मदिन पर हम दिखा रहे हैं उनके कुछ बेहद अट्रैक्टिव लुक्स. जब फैशन की बात आती है तो मलाइका को एक्सपेरिमेंट करना पसंद है और उनकी तस्वीरें इस बात का सबूत हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने एक ब्लैक नेट साड़ी में फोटो शेयर की है. उन्होंने इसे ब्लैक बेल्ट के साथ पेयर किया है. उनहोंने आउटफिट में वेस्टर्न वाइब का रंग जोड़ा है। उम्र को लेकर ट्रोल करने वालों को मलाइका ने दिया मुंहतो? जवाब, अर्जुन के सपोर्ट में बोलीं- %वो मर्द है, ब?ा हो गया है हाल ही में वह एक ब्लैक साड़ी में दिखी थीं. इसके साथ उन्होंने लाइट मेकअप का थी और इयररिंग पहनी थी. इसमें उनका ग्लैमरस अंदाज फैंस काफी पसंद किया गया था। इस गिरते हुए नेकलाइन वाले सैंड लेमन गाउन में वह स्टनिंग लग रही हैं. इसके साथ उन्होंने न्यूड मेकअप की है और जुलरी पहनी है. बालों को उन्होंने बांधा है। मलाइका अरोड़ा अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने से कभी नहीं कतराती. इस टील ग्रीन सेक्विन



कोट और पैंट सेट में वह रॉक कर रही ह। इस बॉडी-हगिंग लैवेंडर गाउन साइड स्लिट और डीप नेकलाइन के साथ वह अट्रक्टिव लग रही हैं. कुल कलर उन पर काफी जंच रहा है।

# साउथ में रहीं सुपरहिट लेकिन बॉलीवुड में रंग नहीं जमा सकीं ये एक्ट्रेसेस, लिस्ट में शामिल हुआ ये नया नाम

इन दिनों हर तरफ साउथ की फिल्मों और उनके कलाकारों की चर्चा है. साउथ सिनेमा के एक्टर्स-एक्ट्रेसेस की डिमांड बढ़ गई है, हालांकि साउथ की कई ऐसी अभिनेत्रियां रही हैं, जिन्होंने दक्षिण की फिल्मों में तो खूब नाम कमाया लेकिन जब बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया तो वह फ्लॉप साबित हुई. आइए साउथ की इन एक्ट्रेसेस की लिस्ट पर नजर डालते हैं जिन्होंने बॉलीवुड में किस्मत आजमाई लेकिन वह यहां रंग जमाने में सफल नहीं हो सकीं।

साउथ की मशहूर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने बॉलीवुड में भी अपना भाग्य आजमाया. पूजा ने ऋतिक रोशन के साथ बड़ी बजट की फिल्म 'मोहनजोदड़ो% के साथ बॉलीवुड में एंट्री की, लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई. इसके बाद भी पूजा कई फिल्मों में नजर आई, लेकिन बॉलीवुड में वह साउथ की तरह सफल नहीं हो पाई. अब वे रणवीर सिंह की सर्कस और सलमान खान किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगी। तमन्ना भाटिया साउथ फिल्म जगत का बेहद चर्चित नाम हैं. तमन्ना ने भी बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमायी लेकिन वह सफल नहीं हुई. 'चांद सा रौशन चेहरा%, हिम्मतवाला, प्लान ए प्लान बी जैसी कई फिल्मों में तमन्ना नजर आई, लेकिन ये फिल्में कोई कमाल नहीं दिखा पाई।